# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026



आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹105541/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹128900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹140707/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


## गृहमंत्री बोले

- 31 से पहले सभी कैडर की होगी घर वापसी
- जो नहीं आएंगे, उनका अंत तय है
- शाह-साय के नेतृत्व में बदली बस्तर की तस्वीर
- पुलिस महकमे में वो काम हुए जो पहले कभी नहीं हुए थे
- बस्तर उद्योगपतियों के हवाले नहीं, लघु उपज ही रहेगी आर्थिक रीढ़

## विपक्ष पर वार

- नक्सलमुक्ति जैसे मामलों का विरोध मानसिक दिवालियापन
- बैज को सलाह पराक्रम को डील न कहें, जनता माफ नहीं करेगी

*नक्सलमुक्ति में विष्णुदेव साय की रही बड़ी भूमिका, वे खुद बस्तर प्रवास पर जाते रहते थे*

- *नियत नैल्ला नार योजना चलेगी या फिर 31 मार्च को यह भी समाप्त हो जाएगी?*
- नहीं यह योजना बंद नहीं होगी। यह योजना चलती रहेगी।

**डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा से डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद**

# गृहमंत्री शर्मा बोले- नक्सलमुक्ति का सिर्फ फाइनल टच बाकी, बस्तर को लघु वनोपज से संवारेंगे, किसी उद्योगपति के हवाले नहीं करेंगे

**खास खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नक्सलमुक्ति का काउंटडाउन शुरू हो चुका है, डेडलाइन में सिर्फ पांच दिन शेष हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा आश्वस्त हैं कि डेडलाइन से पहले नक्सलियों का पूरा कैडर पुनर्वास के लिए वापसी कर लेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट कहा कि जो नहीं आएंगे, उनका अंत तय है। श्री शर्मा ने नक्सलमुक्ति के पीछे उन अटकलें-आरोपों को भी खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि उद्योगपतियों को सौंपने के लिए बस्तर को खाली कराया जा रहा है। उनका साफ कहना है कि किसी भी तरह के भ्रम में रहने और किसी की बातों में आने की जरूरत नहीं है। नक्सलमुक्त होने के बाद बस्तर को हमारी सरकार लघु वनोपज से ही संवारने का काम करेगी। बस्तर को किसी भी उद्योगपति के हवाले करने की कोई योजना नहीं है। यह बात हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी सदन में कह चुके हैं। इस मुद्दे पर श्री शर्मा से हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने इंद्रावती तट पर गुरुवार को सार्थक संवाद किया। पेश हैं प्रमुख अंश-



- ***नक्सलवाद समाप्त करने की डेडलाइन 31 मार्च 2026 से कितने दूर या कितने करीब हैं?***
- मैं सोचता हूं कि लक्ष्य की प्राप्त हो ही गई है, बस फाइनल टच ही बाकी है। एक बड़ा नाम जो रह गया था पापा राव, उनका भी समर्पण हो गया है। और कोई बड़े लेवल का नक्सली बचा नहीं है, ऊपर के लोग पहले ही समाप्त हो चुके हैं। तीन हजार लोगों ने पुनर्वास किया है दो सालों में। दो हजार लोग गिरफ्तार हुए हैं दो साल में, पांच सौ से ज्यादा मारे गए। कुल मिलाकर यह संख्या जाती है साढ़े पांच हजार। आज हम रामनवमी पर चर्चा कर रहे हैं तो मैं कहना चाहता हूं कि बस्तर ही वह क्षेत्र है जहां के लोग राम के साथ चले थे और लंका पर विजय पाई गई थी। बस्तर में जो हो रहा था वह बड़ा दर्दनाक था। एक बच्ची को मैं जानता हूं जिनका टिफिन आंगनबाड़ी में छूट गया था, वह लेने गई, वह टिफिन फटा, उनका भाई अंधा हो गया है, उस बच्ची को भी बहुत कम दिखता है। ऐसे हजारों की संख्या में पीड़ित हैं, जो आईडी की चपेट में आए। कई शिक्षाविदों, गांव के सरपंचों, पंचों, ग्रामीणों को मार ▶▶| शेष पेज 7 पर

**युद्ध संकट**

**अमेरिका ने फिर दी चेतावनी, ईरान ने इजरायल पर फिर दागी मिसाइलें**

# भारत समेत पांच देशों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने ईरान ने दिया ग्रीन सिग्नल

*पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा कि वह जल्द गंभीर होकर फैसला ले, वरना हालात बिगड़ जाएंगे। इस बीच, भारत के लिए राहत की बड़ी खबर आई है। ईरान ने युद्ध के बीच भारत, चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान के कमर्शियल जहाजों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने की अनुमति दी है। ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने इन पांच देशों को 'दोस्त' बताया और विरोधी देशों के जहाजों पर पाबंदी रखने की बात कही।*

एजेंसी ▶▶| दुबई/नई दिल्ली

युद्ध के बीच ईरान ने भारत समेत पांच देशों के जहाजों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने की इजाजत दी है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि भारत उन पांच देशों में से एक है जिन्हें कमर्शियल शिपिंग के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का इस्तेमाल करने की इजाजत दी गई है। भारत के अलावा, चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान के जहाजों को भी होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की इजाजत मिली है। पांचों देश को 'दोस्त' बताते हुए ▶▶| शेष पेज 7 पर



**अबू धाबी में एक भारतीय की मौत:** संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में एक इंटरसेप्टेड बैलिस्टिक मिसाइल के गिरते मलबे से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। इस घटना में एक पाकिस्तानी नागरिक की भी जान गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं।

### मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे प्रधानमंत्री मोदी



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को चुनाव वाले राज्यों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर उनकी तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा के लिए बैठक करेंगे। यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री पश्चिम* ▶▶| शेष पेज 7 पर

### ट्रंप ने कहा- ईरान ने हमें 'गिफ्ट' किए 10 तेल टैंकर

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को एक चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा है कि ईरान ने एक बहुत बड़ा 'तोहफा' दिया है। ट्रंप के अनुसार, ईरान अमेरिका के साथ चल रही गुप्त वार्ताओं में सद्भावना का प्रदर्शन करते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल से लदी 10 नौकाओं को गुजरने की अनुमति दे रहा है। ये टैंकर पाकिस्तानी झंडे के तहत संचालित हो रहे हैं।*

**एसीबी ने की कार्रवाई**

# रेस्टोरेंट में 50 हजार रुपए घूस लेते रेंजर, डिप्टी रेंजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



एसीबी ने चालान जल्द पेश करने व जब्त वाहन को वापस करने के एवज में एक व्यक्ति से 50 हजार रुपए रिश्वत लेते अचानकमार टाइगर रिजर्व सुरही रेंज के रेंजर पल्लव नायक व डिप्टी रेंजर मनीष श्रीवास्तव को कोटा के मित्र मिलन रेस्टोरेंट से रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है।

एसीबी डीएसपी अजितेश सिंह ने बताया, लोरमी जिला मुंगेली निवासी अजीत कुमार वैष्णव ने शिकायत की। दिसंबर 2025 में वे अपने साथियों के साथ सुरही रेंज में चार पहिया वाहन लेकर घूमने गए थे। जहां पर ▶▶| शेष पेज 7 पर

### 2 साल में 45वीं कार्रवाई

*डीएसपी श्री सिंह ने बताया कि पिछले 2 साल में यह लगातार 45 वीं ट्रैप की कार्रवाई है। एसीसी की उक्त ताबड़तोड़ कार्रवाई से आसपास क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया है। एसीबी द्वारा किसी भी विभाग के लोकसेवन के द्वारा रिश्वत की मांग किए जाने पर तत्काल एसीबी को देने अपील की गई है।*




KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

nirf RANKING 2025 | Ranked in Top 101-150 Universities | NAAC GRADE B+

# NEW-AGE WORLD. NEW-AGE CAREERS.

Choose your future with
**Kalinga University New-Age Programs**




## NEW-AGE PROGRAMS

- **BBA** (with **FINTECH** as a specialisation)
- BCA in **AI & ML**
- B.CS & M.CS in **AI & ML and Cybersecurity**
- B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**
- BBA in **Film Making** In collaboration with NIIRA EDUCOM
- B.Tech CS in **AI & ML** In collaboration with IBM Innovation Centre for Education
- Master of **Data Science**
- BCA Speialization in **Game Development** with **AI**
- Bachelor/Master of **Animation & VFX**

## Why New-Age Programs?

**Future Demand**
3.5 million cybersecurity jobs unfilled globally. India alone needs 1.5 million professionals. The market is waiting. The talent is not enough.

**Fintech is the New Banking**
Traditional finance is going digital. India's Fintech market is worth $150 billion and growing.

**AI is Everywhere Healthcare.**
Banking. Media. Manufacturing. Every industry now demands AI-literate professionals. A student without AI skills is already behind.

**Billion Dollar Industry**
Gaming is a $51 billion global market by 2033. 50% of game companies already use AI and we train AI game developers.

**Creative Fields Pay Money**
Animation. VFX. Gaming. OTT Content. India's creative industry is growing at 20% every year. The screens need talent. Be the talent.

**Film Making is No Longer Just Art.**
It is an Industry. India produces 1,500+ films every year. OTT platforms need fresh content every single day.

**Great Salaries**
Data Scientists earn INR 8-15 LPA fresh out of college. Senior roles cross INR 30 to 60 LPA. The right skill set decides your starting point.

**More Opportunity.**
Forensic Science. Game Design. Data Science. Fast-growing fields with very few trained professionals. Get in early.

By 2030 most careers will demand digital and AI skills. A new-age program today means you are ready.

## PROGRAMS

**PHARMACY**
D.Pharmacy
B.Pharmacy
M.Pharmacy
Pharm.D

**LAW**
LLM | LLB
BA LLB | BBA LLB

**EDUCATION**
B.P.Ed I B.Ed
MA.Ed.
MA.(P.Ed)

**ENGINEERING**
Diploma
B.Tech | M.Tech

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J & MC) | BSW
BA (Lib. Arts) | MA | MSW
MA (J & MC)

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**COMMERCE**
B.Com.
B.Com. Hons.
(Banking & Finance)
{Includes GST & Taxation}
M.Com.
M.Com.
(Banking & Finance)

**RESEARCH**
Ph.D.

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib.
M.Lib.

**SCIENCE**
B.Sc.
M.Sc.

**MANAGEMENT**
BBA
MBA

**YOGA**
Diploma I B.Sc.
PG Diploma I M.Sc.


**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA I MCA

#Rajesh9926308899

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Apply through Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


*आईपीएल अब होगा और भी खास, फैंस देख सकेंगे विराट और रोहित शर्मा की बल्लेबाजी*

*पांच महीने में दूसरी बार रायपुर आएंगे विराट और रोहित शर्मा*

*आईपीएल का दूसरा मैच शेड्यूल बीसीसीआई ने किया जारी, इस सीजन में होंगे कुल 70 मैच*

## रायपुर में आरसीबी से टकराएगी रोहित की मुंबई और कोलकाता नाइट राइडर्स, 10 और 13 मई को होंगे मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले आईपीएल के दो मैचों की तारीखों की घोषणा बीसीसीआई ने कर दी है। यहां 10 और 13 मई को मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ होगा। इससे पहले बीसीसीआई ने 11 मार्च को फेज 1 का शेड्यूल जारी किया था, जिसमें 28 मार्च से 12 अप्रैल के बीच होने वाले ▶▶|शेष पेज 7 पर



### रायपुर में खेले जाएंगे निर्णायक मुकाबले

आईपीएल के शेड्यूल के अनुसार, रायपुर के मैदान पर 10 मई को सीजन का 54वां मैच और 13 मई को 57वां मैच खेला जाएगा। टूर्नामेंट के आखिरी 10 से 15 मैच ▶▶|शेष पेज 7 पर

### विराट के लिए लकी रहा रायपुर का शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम

विराट कोहली के लिए राजधानी का शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम काफी लकी रहा है। दिसंबर 2025 में इसी मैदान पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए दूसरे वनडे मैच में कोहली ने 93 गेंदों पर 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली थी। यह उनके वनडे करियर का 53वां शतक था। अब महज पांच महीने के अंतराल के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज एक बार फिर रायपुर के मैदान पर जलवा बिखेरते नजर आएंगे। आईपीएल की ये तीनों टीमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स फैंस के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। इन टीमों में भारतीय क्रिकेटर्स के साथ-साथ कई विदेशी स्टार खिलाड़ी भी शामिल हैं।



inh

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सात घंटे बाद लौटा लंदन जा रहा विमान



**नई दिल्ली।** लंदन के हीथ्रो के लिए उड़ान भर रही एयर इंडिया की ए350 विमान तकनीकी समस्या के कारण लगभग सात घंटे हवा में रहने के बाद गुरुवार की दोपहर वापस दिल्ली लौट आई। यह उड़ान सुबह छह बजे दिल्ली से रवाना हुई थी और दोपहर 12.30 बजे वापस उतरी।

### आतंकवाद मामले में कई स्थानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की 'काउंटर इंटेलिजेंस' शाखा ने आतंकवाद के एक मामले की जांच के सिलसिले में घाटी में कई स्थानों पर छापे मारे। काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) ने घाटी के तीन जिलों में छापे मारे। श्रीनगर, शोपियां और गांदरबल जिलों में छापेमारी की जा रही है। यह कार्रवाई सीआईके द्वारा हाल में दर्ज किए गए आतंकवाद के एक मामले की जांच के तहत की जा रही है।

### अभिनेता, निर्देशक राजेंद्रन का निधन



**कोल्लम।** दिग्गज अभिनेता एवं निर्देशक ई ए राजेंद्रन का बृहस्पतिवार को कोल्लम के पट्टत्तानम में निधन हो गया। फिल्म जगत के सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 71 वर्ष के थे। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अभिनेता के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं में कराई नकल, गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल ने प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल कराने के लिए जाली दिव्यांगता प्रमाण पत्र का इस्तेमाल करने और पेशेवर 'सॉल्वर' (प्रश्न पत्र हल करने वालों) के जरिए परीक्षा दिलवाने के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान इन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## बस्तर में 35 साल पहले नक्सलियों का पहला बड़ा हमला उड़ा दी थी पोलिंग पार्टी, थानेदार समेत 8 हुए थे शहीद

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

नक्सल खात्मे की डेडलाइन 5 दिन बाकी

नक्सलवाद के खात्मे की डेडलाइन 31 मार्च में 5 दिन शेष हैं और नक्सलवाद का खात्मा लगभग तय माना जा रहा है। ऐसे में प्रदेश में हुई पहली बड़ी घटना को नहीं भुलाया जा सकता है। 20 मई 1991 सोमवार की वह शाम अब भी सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों व शहीदों के परिजनों को याद है। लोकसभा आम चुनाव के दौरान बस्तर क्षेत्र में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पहला बड़ा हमला किया गया था। नक्सलियों ने मतदान दल के मेटाडोर को ही आईईडी विस्फोट करके उड़ा दिया था। मतदान के बाद चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारी वापस लौट रहे थे उसी दौरान ग्राम बंगोली एवं लाटापारा (बड़ेडोंगर) के मध्य कोचईबेड़ा पुलिया के पास घात लगाकर ▶▶|शेष पेज 7 पर

### केशकाल दलम ने किया था पहला बड़ा हमला

ग्राम बंगोली और लाटापारा बड़ेडोंगर के मध्य (कोचईबेड़ा) पुलिया के पास पहले से घात लगाकर बैठे नक्सली कमाण्डर केशकाल दलम के सुबन्ना के नेतृत्व में पुलिस पार्टी के वाहन को निशाना बनाते हुए आईईडी विस्फोट किया गया था। विस्फोट इतना भयानक था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए थे। इस हमले में वाहन में सवार मतदान दल से रोशन मसीह व पुलिस पार्टी से थाना प्रभारी फरसगांव स्व. इलफोर टोप्पो, प्लाटून कमाण्डर 30 वीं बटालियन जगदलपुर दयाशंकर वाजपाई, एपीसी डी प्रसाद तिवारी, आरक्षक रामेश्वर ध्रुव, आरक्षक इंदर सिंग, आरक्षक बलराम, देवीसिंह (चालक) मौके पर शहीद हो गए थे। बचे हुए पुलिस आरक्षक दुग्गू लाल चौरसिया, आरक्षक रामचरण व आरक्षक एलाकी पोटी घायल अवस्था में मोर्चा संभाले रखा व रात भर नक्सलियों ▶▶|शेष पेज 7 पर

*बचे हुए जवानों ने पूरी रात बहादुरी से मुकाबला करते हुए मतपेटी व हथियार लूटने से बचाया*





### गन से गणतंत्र को चुनौती देने का प्रयास हो रहा कमजोर

वर्ष 1991 में बस्तर में चुनाव ड्यूटी पर तैनात दल को निशाना बनाने की घटना को नक्सल हिंसा की पहली बड़ी घटनाओं में से एक है। यह घटना बताती है कि माओवादी तत्वों ने हिंसा और भय के सहारे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश की थी। चुनाव जैसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को भी निशाना बनाया गया ताकि आम लोगों के विश्वास और सहभागिता को कमजोर किया जा सके। आज परिस्थितियाँ बदल रही हैं। जिन विचारों ने कभी गनतंत्र के माध्यम से गणतंत्र को चुनौती देने का प्रयास किया था वे विचार स्वयं कमजोर पड़ते जा रहे हैं। समाज, शासन और सुरक्षा बलों के साझा प्रयासों से अब बस्तर में विश्वास, संवाद और विकास का वातावरण बन रहा है। बस्तर आज एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर ▶▶|शेष पेज 7 पर

## आईएएस रजत बने आयुक्त जनसंपर्क व सीईओ संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय प्रशासनिक सेवा 2012 बैच के अधिकारी रजत बंसल को आयुक्त जनसंपर्क एवं सी ई ओ संवाद का नया दायित्व सौंपा गया है। वे डा. रवि मित्तल का स्थान लेंगे जो प्रतिनियुक्ति पर पीएमओ नई दिल्ली में उपसचिव बनाए गए हैं। श्री बंसल की नई पदस्थापना के बाद माना जा रहा है कि राज्य में कुछ अन्य पदों के लिए प्रशासनिक फेरबदल होने की संभावना है।

### सरकार ने जारी किया आदेश

रजत बंसल की नई पदस्थापना का आदेश 26 मार्च के सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन एतद् द्वारा रजत बंसल, भाप्रसे (2012), विशेष सचिव, सुशासन एवं अभिसरण विभाग तथा अति. प्रभार संचालक, भौमिकी एवं खनिकर्म एवं प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास ▶▶|शेष पेज 7 पर

### प्रशासनिक फेरबदल की अटकलें

राज्य में आयुक्त जनसंपर्क का पद खाली होने के तुरंत बाद से नौकरशाही में ये अटकलें लगाई जा रहीं थीं कि नए आयुक्त की नियुक्ति के साथ ही राज्य की नौकरशाही में कुछ फेरबदल हो सकता है। लेकिन इन अटकलों से अलग श्री बंसल की पोस्टिंग का सिंगल आदेश जारी हुआ है। लिहाजा अभी भी ये कहा जा रहा है कि कुछ अन्य पदों पर जल्दी ही प्रशासनिक फेरबदल की संभावना बनी हुई है। इसमें कुछ ▶▶|शेष पेज 7 पर

गृह विभाग का आदेश

## आपत्तिजनक फोटो वायरल आईपीएस डांगी निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार ने पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी आईपीएस रतन लाल डांगी को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई उनके आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद की गई है। इसका आदेश गृह (पुलिस) विभाग ने जारी किया है। प्रारंभिक तौर पर यह पाया गया है कि आईपीएस रतन लाल डांगी ने अपने पद की गरिमा के अनुरूप आचरण नहीं किया और ऐसा व्यवहार किया जो नैतिकता और सेवा नियमों के खिलाफ है। उन पर पद के प्रभाव का दुरुपयोग करने और स्थापित सामाजिक मानकों का उल्लंघन करने के आरोप लगे हैं। आदेश में कहा ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पीएचक्यू में किया गया अटैच

फिलहाल आईपीएस रतन लाल डांगी को निलंबित कर विभागीय जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निलंबन अवधि के दौरान रतन लाल डांगी का मुख्यालय पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर निर्धारित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। साथ ही सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना वे मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। ▶▶|शेष पेज 7 पर

हादसे भरा दिन

## ट्रक की टक्कर से बस में आग, 13 जिंदा जले



एजेंसी ▶▶| रायवरम

आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम जिले में गुरुवार को एक निजी बस की एक ट्रक से टक्कर होने के बाद उसमें आग लग जाने से कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई तथा 22 अन्य लोग घायल हो गए। हालांकि, जिले के पुलिस अधीक्षक वी हर्षवर्धन राजू ने पहले 14 लोगों के मारे जाने की जानकारी दी थी लेकिन बाद में मुख्यमंत्री कार्यालय की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में 13 लोगों की मौत की पुष्टि की गई।

### नदी में गिरी बस, 24 की जल समाधि

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बस के परिवहन नौका पर चढ़ने की कोशिश के दौरान नदी में गिर जाने से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि बस दक्षिण-पश्चिमी राजबारी जिले में दौलाडिया टर्मिनल पर बुधवार शाम करीब सवा पांच बजे पद्मा नदी में गिर गई।

### बस और पिकअप की टक्कर, 10 की गई जान

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में एक बस और एक पिकअप वाहन की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। घटना छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर नागपुर रोड पर सिमरिया के पास बृहस्पतिवार शाम को हुई।






शारदीय नवरात्रि की पंचमी तिथि को बदला जाता है नगाड़े का कलेवर

**देवी के प्रति सभी समुदाय के लोगों की है गहरी आस्था**

## एक ऐसा मंदिर, जहां देवी स्वरूप में होती है खड्ग एवं नगाड़े की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

नवरात्रि विशेष

सरगुजा में एक ऐसा प्राचीन देवी मंदिर है जहां देवी की प्रतिमा स्थापित नहीं की गई है। मंदिर में खड्ग एवं नगाड़ा की स्थापना की गई है। मंदिर में स्थापित नगाड़ा को ही देवी का स्वरूप मानकर नवरात्रि में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। सरगुजा प्राचीन दण्डकारण्य के बीहड़ वन का प्रमुख हिस्सा रहा है। मान्यता है कि ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पंचमी को बदलता है कलेवर

परम्परानुसार शारदीय नवरात्र के दौरान पंचमी तिथि को नगाड़ा का कलेवर बदला जाता है। घसिया समाज का एक मात्र परिवार नगाड़ा का कलेवर बदलता है तथा पंचमी तिथि को देवी स्वरूप में नए कलेवर में नगाड़ा की स्थापना की जाती है। मंदिर में नगाड़ा के स्थापना की विधि भी अनूठी है। ▶▶|शेष पेज 7 पर



### नगाड़ा में है देवी का पिण्ड

पंचमी तिथि को ही पूजा के दौरान साल में एक बार नगाड़ा को बजाया जाता है। शंकरगढ़ जमींदार परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं गृहनिर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव बताते हैं कि क्षेत्रवासी नगाड़े को ही देवी का पिंड मानते हैं तथा श्रद्धापूर्वक सालभर पूजा-अर्चना करते हैं। बड़की माई सभी वर्ग-समुदाय के लोगों की अराध्य देवी हैं।

### बेसरापाट में भी होती है देवी की पूजा

बेसरापाट पहाड़ी के पास भी मंदिर का निर्माण किया गया है। अजय चतुर्वेदी के अनुसार बड़की माई मंदिर में स्थापित नगाड़ा को ही देवी का स्वरूप माना जाता है तथा पंचमी को नगाड़ा का कलेवर बदला जाता है। सरगुजा के इतिहासकार गोविंद शर्मा ने बताया सरगुजा प्रारंभ से ही शक्ति की उपासना का प्रमुख केंद्र रहा है तथा यहां विभिन्न स्वरूपों में देवी महामाया की पूजा-अर्चना की परंपरा है।

## असम

### 37 बैंक खाते, 32 गाड़ियां...यह महिला उम्मीदवार है सुर्खियों में



**गुवाहटी।** असम विधानसभा चुनाव 2026 से पहले एक उम्मीदवार सबसे अधिक चर्चा में है। इस उम्मीदवार का नाम है सेवली महिलारी. सेवाली बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट की प्रत्याशी हैं और कोकराझार निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रही है। सेवाली इसलिए चर्चा में हैं क्योंकि उन्होंने अपने हलफनामें में बताया है कि उनके 37 बैंक खाते हैं। सेवाली के पास कुल 32 गाड़ियां है। अब आपके मन में भी इस उम्मीदवार की कुल संपत्ति को लेकर सवाल होगा कि आखिर 37 बैंक खातों में कितने रुपये होंगे? आइए जानते हैं सेवली महिलारी की कुल संपत्ति कितनी है।

#### कितनी है सेवली की कुल संपत्ति

चुनावी हलफनामे के मुताबिक सेवली के कुल 37 बैंक खातों में करोड़ों रुपये जमा है। उनके बैंक खाते में कुल 5.26 करोड़ रुपये जमा हैं जबकि हलफनामें के मुताबिक उनकी कुल चल संपत्ति में 12.59 करोड़ रुपये की और 20.03 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है। इतना ही नहीं गाड़ियों का एक बड़ा काफिला उनके पास है। उनके पास 16 टिपर ट्रक, चार ट्रैक्टर समेत कुल 32 गाड़ियां हैं। सेवली मोहिलरी के पति और **BPF** प्रमुख हाग्रामा मोहिलरी की कुल संपत्ति पत्नी से कम है। हाग्रामा मोहिलरी की कुल संपत्ति मात्र 9.17 करोड़ रुपये है।

## तमिलनाडु

### विजय की पार्टी टीवीके सभी 234 सीटों पर अकेले लड़ेगी चुनाव



**चेन्नई।** तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिए हैं। इस बीच अभिनेता से राजनेता बने विजय ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) सभी 234 विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी, जो एक आक्रामक चुनावी शुरुआत का संकेत है। इस कदम से पार्टी की स्थिति ऐसे राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण नए प्रवेशकर्ता के रूप में स्थापित हो गई है, जिस पर लंबे समय से स्थापित द्रविड़ियन प्रमुख दलों का वर्चस्व रहा है। चुनाव प्रचार अभियान के तहत पार्टी 27 मार्च को मामल्लापुरम में एक हाई-प्रोफाइल सार्वजनिक सभा में अपने उम्मीदवारों को पेश करने वाली है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि विजय स्वयं मंच पर उम्मीदवारों को पेश करेंगे और पार्टी के दृष्टिकोण और चुनावी रोडमैप की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे, जो टीवीके की तैयारियों में एक महत्वपूर्ण क्षण है।

### चुनाव के पहले बंगाल में मचा बवाल, टीएमसी ने उठाए सवाल

# पहली सप्लीमेंट्री लिस्ट में 13 लाख नाम कटे, बशीरहाट में बीएलओ सहित 340 मुस्लिम वोटरों के नाम गायब

**पश्चिम बंगाल चुनाव**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट को लेकर एक बड़ी खबर आई है। चुनाव आयोग के एक बड़े अधिकारी ने कोलकाता में बताया कि अब तक कुल 76 लाख से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा चुके हैं। यह आंकड़ा दो हिस्सों के ज़रिए समझ सकते हैं। पहले एसआईआर यानी मतदाता सूची जांच के दौरान 58 लाख नाम हटाए गए। इससे राज्य के कुल वोटर 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ रह गए। अब जो नाम 'अंडर एडजुडिकेशन' यानी न्यायिक जांच में थे। उनमें से 32 लाख मामले निपटाए गए हैं। इनमें से 40 फीसदी यानी करीब 13 लाख नाम और हटाए जा रहे हैं। दोनों मिलाकर कुल 76 लाख के करीब नाम लिस्ट से बाहर हो चुके हैं।



### अभी कितना काम बाकी है?

अभी भी 28 लाख मामले बाकी हैं। राज्य में 705 न्यायिक अधिकारी इन मामलों को निपटाने में लगे हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को पहली सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी की। जिसमें 10 लाख नाम अपलोड किए गए। लेकिन आयोग ने यह नहीं बताया कि इनमें से कितने हटाए गए जिस पर कई लोगों ने नाराजगी जताई। अगली लिस्ट हर शुक्रवार को जारी होगी। यानी अगली लिस्ट एक दिन बाद आएगी। 29 लाख मामले हटाए गए थे लेकिन उनमें से सिर्फ एक तिहाई ही पहली लिस्ट में आ सके। वजह न्यायिक अधिकारियों की ई-साइन यानी डिजिटल हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। बाकी नाम धीरे-धीरे जारी किए जाएंगे।

#### हाईकोर्ट में भी पहुंचा मामला

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में अपील की है कि उन्हें हर रोज सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी करने की इजाजत दी जाए। लेकिन कोर्ट ने कहा कि इस मामले की सुनवाई 27 मार्च के बाद होगी।

#### यह है असली सवाल

76 लाख नाम हटाना यह बहुत बड़ा आंकड़ा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही इसे लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर हमलावर हैं। विपक्ष का आरोप है कि यह एक खास समुदाय के वोट काटने की कोशिश है। चुनाव आयोग का कहना है कि मृत, पलायन किए, डुप्लीकेट और न मिलने वाले लोगों के नाम हटाए गए हैं।

### *ममता ने टीएमसी-भाजपा के मुकाबले को महाभारत जैसा युद्ध बताया*

***कोलकाता।*** *पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बर्धमान के पांडबेश्वर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा 'यह लड़ाई पांडवों और कौरवों के बीच के युद्ध जैसी है। भाजपा कौरवों की तरफ है और टीएमसी पांडवों की तरफ है।' टीएमसी प्रमुख ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा और निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान विपक्ष के गढ़ों में मतदाताओं को निशाना बनाया। उन्होंने सभी पूरक मतदाता सूचियों को तुरंत प्रकाशित करने की मांग की और जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं, उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता देने का वादा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि 'तार्किक विसंगतियों' के नाम पर मतदाता सूची में लोगों के नाम जोड़े या हटाए जा रहे हैं।*

**राहुल गांधी ने साधा निशाना खड़गे ने भी लगाए दोनों सरकार पर आरोप**

### 'केरलम के सीएम के भ्रष्टाचार के केस आगे क्यों नहीं बढ़ रहे, यह भाजपा से मिलीभगत का सबूत'

**केरल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने केरलम में विधानसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद करते हुए राज्य में एलडीएफ व भाजपा के बीच अंदरूनी मिलीभगत पर जमकर हमला बोला। पार्टी नेताओं ने राज्य की आर्थिक तंगहाली, स्वास्थ्य बदहाली, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, नशे के बढ़ते मामलों को लेकर भी एलडीएफ सरकार को पुरजोर तरीके से घेरा। मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी केरलम के कोझिकोड में यूडीएफ (यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) गठबंधन की विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, दीपा दासमुंशी, सन्नी जोसेफ, वी.डी. सतीशन, सैयद सादिक अली शिहाब थंगल, के. सुधाकरन, रमेश चेन्निथला, पी.के. कुन्हालिकुट्टी, एम.के. राघवन, सचिन पायलट, इमरान प्रतापगढ़ी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।



#### मेरे खिलाफ 40 केस

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि एलडीएफ-भाजपा के बीच मिलीभगत पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि देशभर में विपक्षी नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किए जाते हैं। उनके (राहुल) खिलाफ भी लगभग 40 केस हैं। ईडी ने उनसे लगातार पांच दिनों तक पूछताछ की। लेकिन भाजपा केरलम के मुख्यमंत्री पर हमला क्यों नहीं करती? मुख्यमंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के केस आगे क्यों नहीं बढ़ रहे हैं? उन्होंने इसे भाजपा और एलडीएफ के बीच मिलीभगत का सबसे बड़ा सबूत बताया।



### केरल भाजपा अध्यक्ष ने छुपाई संपत्ति, आयोग से होगी शिकायत

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने दावा किया कि केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने अपने शपथ पत्र में कर्नाटक के कोरमंगला स्थित एक संपत्ति का खुलासा नहीं किया, जबकि उन्होंने चुनाव अधिसूचना से ठीक पहले 17 मार्च 2026 को उसके लिए 5,02,085 रुपये कर का भुगतान किया था। उन्होंने कहा कि यही संपत्ति 2024 के चुनाव के दौरान घोषित की गई थी और अब उसे हटाया जाना गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा, संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के खिलाफ चुनाव आयोग का रुख करेगा, यह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम का 'स्पष्ट उल्लंघन'है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने भी इन टिप्पणियों की निंदा करते हुए इन्हें "महिला विरोधी और अपमानजनक" बताया। विजयन ने कहा कि किसी महिला पर सिर्फ इसलिए "अपमानजनक" शब्दों से हमला करना क्योंकि वह एक लोक सेवक है यह "राजनीतिक संस्कृति का पतन" दर्शाता है। कायमकुलम से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस नेता एम लिजू ने इन टिप्पणियों पर खेद जताया था और मौजूदा विधायक से माफी मांगी थी। प्रतिभा और माकपा ने कहा है कि जल्द ही निर्वाचन आयोग और पुलिस में इरशाद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका के कारण दुनिया को 10 ट्रिलियन डॉलर का जलवायु नुकसान

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कार्बन उत्सर्जन के कारण 1990 के बाद से दुनिया को करीब 10 ट्रिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ है। इस नुकसान का सबसे बड़ा बोझ गरीब और विकासशील देशों पर पड़ा है। नेचर जर्नल में प्रकाशित इस रिसर्च के मुताबिक, ग्लोबल वॉर्मिंग से जुड़े आर्थिक असर में अमेरिका सबसे बड़ा भागीदार रहा है। स्टडी के अनुसार, जलवायु परिवर्तन का असर खास तौर पर उन देशों पर ज्यादा पड़ा है, जो पहले से आर्थिक रूप से कमजोर हैं। भारत को करीब 500 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है।

### कश्मीर में ईरान के लिए 18 करोड़ चंदा

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में ईरान के समर्थन में करोड़ों रुपए का चंदा जुटाया गया है। इससे देश की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। आशंका है कि इन पैसों का इस्तेमाल आतंकी फंडिंग में हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अब तक 17.91 करोड़ रुपए चंदा जुटाया गया है। इनमें से 85% राशि शिया समुदाय ने दान की है। कश्मीर का बड़गाम शिया बहुल इलाका है। यहां से करीब 9.5 करोड़ रुपए जुटाए गए हैं।

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, सेना पर हमला


**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में एक बार फिर तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई है। बुधवार देर रात संदिग्ध कुकी उग्रवादियों और भारतीय सेना के बीच जबरदस्त मुठभेड़ देखने को मिली। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उग्रवादियों ने सेना की चौकी को निशाना बनाकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी थी। इसके जवाब में वहां तैनात सेना और सीआरपीएफ के जवानों ने भी तुरंत मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की। करीब आधे घंटे तक चली इस गोलीबारी ने इलाके में एक बार फिर दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। यह पूरी घटना रात करीब 11 बजकर 40 मिनट पर शुरू हुई थी।

### इंदौर में दर्दनाक घटना

## सोसाइटीवासियों पर चढ़ाई कार महिला आईटी इंजीनियर की मौत

एजेंसी ▸▸ इंदौर

इंदौर, एमपी के लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है जहां पेंटहाउस विवाद ने खूनी रूप ले लिया। जिसमें तेज रफ्तार कार से रहवासियों को कुचलने की कोशिश में एक महिला इंजीनियर की जान चली गई। मृतक महिला का नाम शंपा पाठक पांडे है। वह इंफोसिस में सॉफ्टेवयर इंजीनियर थीं। घटना बुधवार रात 10.30 बजे लसूड़िया थाना क्षेत्र के एमआर-11 स्थित शिव वाटिका टाउनशिप की है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी शख्स और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पूरी वारदात बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।



#### इसी महीने हुए थे शिफ्ट

मृतक महिला 13 मार्च को ही दो बच्चों और पति के साथ अपने फ्लैट में शिफ्ट हुई थीं। मृतका के पति सौरभ के मुताबिक, यहां हमने फ्लैट खरीदा था। कुछ दिनों पहले ही शिफ्ट हुए। परिवार में 2 बच्चे और माता-पिता हैं। 7 साल का बेटा श्रेयांश तीसरी और 10 साल का बेटा श्रेष्ठ पांचवीं में पढ़ता है। हम तीन-चार साल पहले ही इंदौर आए हैं। पहले हम स्कीम 114 में रहते थे।

#### यह है मामला

टाउनशिप की सागरश्री एन्क्लेव बिल्डिंग में कुलदीप चौधरी ने अपना पेंटहाउस एयर बीएनबी को किराए पर दे रखा है। यहां रोज नए लोग आते थे। इस बात को लेकर रहवासियों की आपत्ति थी। कल रात रहवासियों ने उनके फ्लैट की लाइट बंद कर दी थी। यह देखकर कुलदीप चौधरी नीचे आए। उन्होंने रहवासियों के फ्लैट की लाइट बंद कर दी। इस बात को लेकर मारपीट हुई। इसके बाद बेटा मोहित चौधरी कार लेकर आया। पहले वहां रहने वाली महिला कर्मचारी और फिर शंपा पांडे को टक्कर मार दी। शंपा को बॉम्बे हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। जहां उनकी मौत हो गई।

### भगोड़े नीरव मोदी को झटका भारत लाने का रास्ता साफ!

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के भारत प्रत्यर्पण को लेकर रास्ता साफ होता दिख रहा है। ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने उनके केस को फिर से खोलने की याचिका खारिज कर दी है, जिससे



उम्मीद जागी है कि अब उसे भारत लाकर कानून की कसौटी पर कसा जा सकेगा। लंदन की हाई कोर्ट ने नीरव मोदी की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने अपने प्रत्यर्पण मामले को दोबारा खोलने की मांग की थी। कोर्ट ने कहा कि मामला दोबारा खोलने के लिए "असाधारण परिस्थितियाँ" नहीं हैं। यह फैसला उसके प्रत्यर्पण के खिलाफ आखिरी बड़ी कानूनी कोशिशों में से एक था। इस निर्णय से भारत को बड़ी कानूनी सफलता मिली है। अब नीरव मोदी के पास बचने के विकल्प बेहद सीमित रह गए हैं। ब्रिटेन की अदालत ने अपने फैसले में भारत सरकार द्वारा दिए गए भरोसे को अहम माना। भारत ने आश्वासन दिया कि नीरव मोदी के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं होगा जेल और ट्रायल की व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगी

#### यह है मामला


नीरव मोदी भारत के सबसे बड़े बैंक घोटालों में से एक के आरोपी हैं। पंजाब नेशनल बैंक में लगभग 13,000 करोड़ का घोटाला का आरोप उन पर है। आरोप है कि बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग जारी कर बैंक से लिया। घोटाला खुलते ही 2018 में देश छोड़कर फरार हो गया। 2019 में लंदन में गिरफ्तार किया गया। तब से वहीं जेल में बंद है। इस फैसले के बाद प्रत्यर्पण प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। ब्रिटेन कोर्ट पहले ही 2021 में प्रत्यर्पण को मंजूरी दे चुका है।

**प्रमुख राजनीतिक दलों की कमाई सामने आई**

## 4 राष्ट्रीय दलों के चंदे से भाजपा को मिला 10 गुना से ज्यादा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2024-25 में प्रमुख राजनीतिक दलों की चंदे से कमाई के आंकड़े सामने आए हैं। भाजपा फिर देश में सबसे ज्यादा चंदा पाने वाली पार्टी बनी है। दूसरा नंबर कांग्रेस का है। चौंकाने वाली बात यह है कि भारत के पहले नंबर के राजनीतिक दल और दूसरे नंबर के राजनीतिक दल के तरफ से जुटाए गए चंदे के बीच का दायरा करीब 12 गुना से ज्यादा है। यह आंकड़ा इसलिए भी आश्चर्य में डालने वाला है, क्योंकि भाजपा के पास कांग्रेस के मुकाबले सिर्फ दोगुने दानकर्ता हैं। कई और पार्टियों ने भी दान की राशि का खुलासा किया है। राष्ट्रीय दलों को 20 हजारसे अधिक के चंदे का रिकॉर्ड दिखाना होता है।




**भारतीय जनता पार्टी :** राजनीतिक दलों को जितना चंदा मिला, उसकी कुल राशि में 91 फीसदी से ज्यादा भाजपा को ही मिला। भाजपा ने 6074.015 करोड़ रुपए का दान दिखाया है। उसे यह दान 5522 दानदाताओं के जरिए मिला। यह राशि भाजपा के बाद चंदा जुटाने वाले 4 राष्ट्रीय दलों को मिले कुल चंदे से 10 गुना से भी अधिक है।

**कांग्रेस:** कांग्रेस ने दान 517.394 करोड़ दिखाया है, जो कि 2501 दानकर्ताओं से मिला है। यह राशि भाजपा के मुकाबले करीब 1000 प्रतिशत कम है।

**आम आदमी पार्टी :** आप ने 2024-25 के लिए अपनी दान की राशि 38.106 करोड़ रुपए दर्शाया है, जो कि उसे 2554 दानकर्ताओं की तरफ से मिली।

**बहुजन समाज पार्टी :** जिन दलों को चंदा मिला है, उनमें एक चौंकाने वाला आंकड़ा बहुजन समाज पार्टी का है। पार्टी ने पिछले 19 साल की तरह इस बार भी यही दर्शाया है कि पार्टी को 20,000 से अधिक का कोई चंदा प्राप्त नहीं हुआ है।

**मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी :** माकपा को 2024-25 में 16.957 करोड़ रुपए का दान मिला, जो कि 741 दानदाताओं से जुटाया गया।

**नेशनल पीपुल्स पार्टी :** पूर्वोत्तर की इस प्रमुख पार्टी ने अपना दान 2.091 करोड़ रुपए दिखाया है, जो कि उसे 25 दानकर्ताओं से मिला।

**वंदे भारत में खराब खाना परोसना पड़ा भारी**

## आईआरसीटीसी पर 10 और सर्विस प्रोवाइडर पर 50 लाख का जुर्माना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने वंदे भारत एक्सप्रेस में खाने की खराब क्वालिटी को लेकर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। पटना से टाटानगर जाने वाली वंदे भारत ट्रेन में सफर कर रहे एक यात्री ने भोजन की गुणवत्ता को लेकर गंभीर शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए रेलवे ने अपनी ही कंपनी इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) पर 10 लाख रुपये का जुर्माना ठोक दिया है। इसके साथ ही उस निजी सर्विस प्रोवाइडर पर भी 50 लाख रुपये का भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है जो ट्रेन में खाना सप्लाई कर रहा था।

पटना से टाटानगर जाने वाली वंदे भारत ट्रेन में 10 मार्च की घटना



#### खराब सर्विस पर सख्त एक्शन और कॉन्ट्रैक्ट खत्म

यह पूरी घटना 15 मार्च 2026 की है, जब ट्रेन संख्या 21896 पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्री को परोसे गए खाने में भारी कमी पाई गई थी। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद रेलवे ने न केवल जुर्माना लगाया, बल्कि संबंधित सर्विस प्रोवाइडर कंपनी का कॉन्ट्रैक्ट भी तुरंत प्रभाव से समाप्त करने के आदेश दे दिए हैं। रेलवे के इस कड़े रुख से साफ हो गया है कि प्रीमियम ट्रेनों में यात्रियों की सुविधा और सेहत के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई उन सभी वेंडर्स के लिए एक कड़ा संदेश है जो रेलवे में खान-पान की सेवाएं देते हैं। रेलवे के प्रवक्ता ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि यात्रियों को मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### दुनिया का सबसे बड़ा ऑनबोर्ड फूड ऑपरेशन

आपको बता दें कि आईआरसीटीसी के माध्यम से भारतीय रेलवे हर दिन 15 लाख से अधिक यात्रियों को भोजन उपलब्ध कराता है, जिसे दुनिया के सबसे बड़े ऑनबोर्ड फूड ऑपरेशनों में से एक माना जाता है। इतने बड़े स्तर पर काम करने के दौरान खाने की क्वालिटी बनाए रखना एक बड़ी चुनौती होती है। रेलवे ने कहा है कि आगे भी सभी ट्रेनों में खान-पान की सेवाओं पर पैनी नजर रखी जाएगी और डिजिटल मॉनिटरिंग के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यात्रियों को ताजा और पौष्टिक खाना ही मिले. खराब सर्विस देने वाली किसी भी एजेंसी को भविष्य में बख्शा नहीं जाएगा।

### वीरता पुरस्कार विजेताओं के लिए ऐलान

## एसी कोच में आजीवन फ्री सफर की सुविधा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार की तरफ से वीरता पुरस्कार पाने वाले सेना के कर्मचारियों के परिवारवालों के लिए रेलवे की तरफ से सुविधा में विस्तार किया गया है। सरकार की तरफ से जारी किए गए ऑर्डर के मुताबिक, सेना, नौसेना, वायुसेना मेडल वीरता पुरस्कार पाने वालों के जीवन साथी को रेलवे में पूरे जीवन के लिए फ्री यात्रा की सुविधा दी जाएगी। इस आदेश में बताया गया है कि वीरता पुरस्कार पाने वाले सेना के कर्मचारी के जीवनसाथी, जिनमें विधवा और विधुर शामिल रहेंगे। इन्हें अपनी दूसरी शादी करने से पहले तक ये सुविधा दी जाएगी।

#### किस कोच में कर सकेंगे सफर?

भारतीय रेलवे की ट्रेनों में फर्स्ट क्लास, 2 एसी, एसीचेयर कार में एक साथी के साथ वीरता पुरस्कार पाने वाले लोगों के माता-पिता जिंदगी भर फ्री यात्रा के तौर पर रेलवे रियायत देगी। इसको लेकर रक्षा अधिकारी की तरफ से जानकारी दी गई।

इसके अलावा रेलवे ये सुविधा वीरता पुरस्कार पाने वाले सेना के जवानों के माता-पिता को भी ये सुविधा देगी।


अखिल भारतीय सतनाम सेना
के प्रदेश अध्यक्ष एवं कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा
एवं रोजगार व अनुसूचित जाति विभाग के ऊर्जावान
कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
गुरु खुशवंत साहेब जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
जीवेत शरद: शतम्
विनीत
समस्त भाजपा परिवार आरंग विधानसभा क्षेत्र एवं अखिल भारतीय सतनाम सेना

## चिंतन

# तेल-गैस की कमी नहीं अफवाहों पर ध्यान न दें

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध से खाड़ी देशों में हुए तनाव के कारण दुनिया में तेल और गैस का संकट बना हुआ है। हालांकि भारत में ऐसे हालात नहीं हैं, लेकिन यह जरूरी है कि लोग तेल और गैस की जमाखोरी न करें, ताकि सप्लाई चेन बनी रहे। जमाखोरी पर अंकुश लगने से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक आपूर्ति बनी रहेगी और लोग पैनिक नहीं होंगे। जमाखोरी से अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो जाता है और अफवाहें फैलती हैं। इससे दिक्कतें आती हैं। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का असर तेल और गैस की कीमतों और आपूर्ति पर पड़ता है, परंतु यह मान लेना कि देश में इनकी कमी हो गई है, पूरी तरह से भ्रामक है। ऐसे समय में सबसे बड़ी चुनौती वास्तविक संकट नहीं, बल्कि अफवाहों और उससे उपजी पैनिक की स्थिति होती है। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता है और सप्लाई चेन को बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। विभिन्न स्रोतों से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। रूस, अर्जेंटीना और ईरान जैसे देशों से आयात बढ़ाकर भारत ने अपने ऊर्जा स्रोतों को विविध बनाया है, जिससे किसी एक क्षेत्र में तनाव का सीधा असर देश की ऊर्जा जरूरतों पर न पड़े। इसके बावजूद, कुछ स्थानों पर पेट्रोल पंपों पर भीड़ या गैस सिलेंडर की अधिक मांग देखने को मिलती है। यह स्थिति वास्तविक कमी के कारण नहीं, बल्कि अफवाहों और जमाखोरी की प्रवृत्ति के कारण उत्पन्न होती है। जब लोग यह मान लेते हैं कि आगे चलकर कमी हो सकती है, तो वे जरूरत से ज्यादा खरीदने लगते हैं। इससे अस्थायी रूप से सप्लाई प्रभावित होती है और फिर यही स्थिति अफवाहों को और हवा देती है। इस तरह एक कृत्रिम संकट पैदा हो जाता है, जो वास्तव में मौजूद नहीं होता। जमाखोरी केवल व्यक्तिगत स्तर पर नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी हानिकारक है। यह न केवल अन्य लोगों के अधिकारों का हनन करती है, बल्कि पूरे सिस्टम पर दबाव डालती है। यदि हर व्यक्ति अपनी जरूरत के अनुसार ही खरीदारी करे, तो उपलब्ध संसाधन आसानी से सभी तक पहुंच सकते हैं। इसलिए इस समय जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देना अत्यंत आवश्यक है। केंद्र और राज्य सरकारें लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और समय-समय पर लोगों को अपडेट दे रही हैं। आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए वैकल्पिक मार्गों और साधनों का उपयोग किया जा रहा है। ईरान द्वारा भारतीय जहाजों के लिए मार्ग खोलना भी एक सकारात्मक संकेत है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत के हितों का ध्यान रखा जा रहा है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर भी स्थिति में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका के रुख में नरमी और कूटनीतिक प्रयासों के चलते उम्मीद की जा रही है कि यह तनाव जल्द ही कम होगा। जैसे ही हालात सामान्य होंगे, ऊर्जा बाजार में स्थिरता लौट आएगी। कीमतों और आपूर्ति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका भी इस समय महत्वपूर्ण हो जाती है। गलत सूचनाएं और अपुष्ट खबरें लोगों में भय पैदा करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि लोग केवल विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करें और किसी भी अफवाह को बिना जांचे-परखे आगे न बढ़ाएं। जागरूकता और संयम ही इस स्थिति से निपटने का सबसे प्रभावी तरीका है।



मुद्दा
अवधेश कुमार

मध्य पूर्व में दुश्मनी खत्म करने का न्यूनतम अर्थ इजराइल राष्ट्र को औपचारिक रूप से स्वीकार करना या मान्यता देना, यरुशलम को उसकी राजधानी मानना तथा अरब देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ये कितने कठिन हैं बताने की आवश्यकता नहीं। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही इसका बड़ा लक्ष्य इजराइल का राष्ट्र के रूप में अस्तित्व समाप्त करना है। क्या इस्लामिक राज्य अपने लक्ष्य को छोड़ देगा? क्या येरूसलम पर कब्जा और अल अक्सा मस्जिद को इस्लामी शासन के अंतर्गत लाने के उद्देश्य का परित्याग कर देगा? शिया इस्लामी देश को सर्व शक्तिशाली यानी हर स्तर की सैन्य शक्ति को विस्तारित करने की प्रक्रिया पर विराम लगा देगा?

# ईरान पर ट्रंप की घोषणा को कैसे लें

ईरान से जारी युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रूथ सोशल पर तत्काल हमले रोकने और बातचीत के पोस्ट से दुनिया में हलचल मच गई। ट्रंप का पोस्ट सामने आने के साथ ईरान का किसी प्रकार की बातचीत से इनकार करने का बयान कई प्रश्न खड़ा करता है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पिछले दो दिनों में, अमेरिका और ईरान देश के बीच, मध्यपूर्व में हमारी दुश्मनी को पूरी तरह से खत्म करने के बारे में बहुत अच्छी और काम की बातचीत हुई है। इन गहरी, विस्तृत और रचनात्मक बातचीत के अंदाज और लहजे के आधार पर जो पूरे हफ्ते जारी रहेंगी। मैंने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि वे ईरान के पावर प्लांट और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर किसी भी तरह के सैन्य हमले को पांच दिनों के लिए टाल दें। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि चल रही बैठकें और बातचीत कितनी सफल रहती हैं।" इस तरह के पोस्ट से सहसा यह संदेश जाएगा ही कि अमेरिका ने युद्ध रोक दिया है और बातचीत इस अवस्था में पहुंची है कि युद्धविराम हो जाएगा। किंतु यह पोस्ट ही बहुत कुछ कहता है। पोस्ट के बावजूद अमेरिका की ओर से ईरान पर हमले हो रहे हैं और दोनों लड़ रहे हैं। इस पोस्ट में युद्धविराम शब्द का उल्लेख नहीं है।

ध्यान रखिए , ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी थी कि वह हार्मूज जलडमरुमध्य को मुक्त करे अन्यथा 48 घंटे बाद उसके ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले होंगे। इसे ही उन्होंने इस पोस्ट के जरिए 5 दिन आगे बढ़ाया। इसमें अगले 5 दिन केवल बिजली और ऊर्जा प्रतिष्ठान पर हमले न करने की बात है। दूसरे, इसमें मध्यपूर्व में दुश्मनी खत्म करने पर बातचीत का अर्थ व्यापक है। मध्य पूर्व में दुश्मनी खत्म करने का न्यूनतम अर्थ इजराइल राष्ट्र को औपचारिक रूप से स्वीकार करना या मान्यता देना, यरुशलम को उसकी राजधानी मानना तथा अरब देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ये कितने कठिन हैं बताने की आवश्यकता नहीं। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही इसका बड़ा लक्ष्य इजराइल का राष्ट्र के रूप में अस्तित्व समाप्त करना है। क्या इस्लामिक राज्य अपने लक्ष्य को छोड़ देगा? क्या येरूसलम पर कब्जा और अल अक्सा मस्जिद को इस्लामी शासन के अंतर्गत लाने के उद्देश्य का परित्याग कर देगा? शिया इस्लामी देश को सर्व शक्तिशाली यानी हर स्तर की सैन्य शक्ति को विस्तारित करने की प्रक्रिया पर विराम लगा देगा? ट्रंप प्रशासन की ओर से दिया गया 15 सूत्री प्रस्ताव इसी की पुष्टि करता है। इसे स्वीकार करने का मतलब होगा ईरान इजराइल केंद्रित अपने सभी गतिविधियां समाप्त करेगा तथा न्यूक्लियर कार्यक्रम एवं सैन्य शक्ति के लिए अमेरिका की इच्छा अनुसार ही आगे काम कर पाएगा। ऐसा करने का मतलब इस्लामी देश के रूप में ईरान को विसर्जित करना होगा। इजरायल को मान्यता दिलाने के लिए ट्रंप ने पहले कार्यकाल में अब्राह्मिक समझौता का प्रारूप लाया था, जिसे कुछ अरब देशों ने स्वीकार किया है। ईरान का इस्लामी शासन इसे स्वीकारने को तैयार नहीं रहा है। कुछ विश्लेषकों का मत है कि ट्रंप पर आंतरिक दबाव है, क्योंकि युद्ध के खर्चे से अर्थव्यवस्था पर उल्टा प्रभाव हो रहा है। चूंकि युद्ध संपूर्ण विश्व को दुष्प्रभावित कर रहा है इसलिए अधिकतर देश इसका अंत चाहते हैं। अमेरिका में लोगों को संदेह है कि ट्रंप आगे कर लगाएंगे और महंगाई बढ़ेगी। उन्होंने



अमेरिकी कांग्रेस से 200 अरब डॉलर की मांग की है।

ट्रंप प्रशासन का कहना है कि यह युद्ध के लिए नहीं, पहले से प्रस्तावित है और पूरक है। युद्ध का व्यय है और यह सामान्य नहीं हो सकता, लेकिन दबाव अमेरिका पर होगा और ईरान पर नहीं यह तर्क हास्यास्पद है। डेढ़ दशक से ज्यादा के प्रतिबंधों के कारण ईरान की अर्थव्यवस्था खस्ताहाल है। युद्ध ने ईरान द्वारा विनाशकारी हथियारों के निर्माण और मिसाइल कार्यक्रम को अनुमान से काफी अधिक विस्तार के आरोपों को सही साबित किया है। अगर वह दियागो गार्सिया में चार हजार किलोमीटर से ज्यादा तक मिसाइल हमले कर सकता है तो इसका अर्थ है ईरान के शास्त्रस्त्रों को लेकर अनेक रक्षा विश्लेषक अमेरिका को झूठा साबित करने की कोशिश कर रहे थे वे सही नहीं थे। इस दृष्टि से भी अमेरिका के लिए उसको कमजोर करना अपरिहार्य हो गया है अन्यथा अरब देश भी रक्षा के लिए नाभिकीय हथियारों की सीमा तक जाने की कोशिश कर सकते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने ट्रंप के पोस्ट के तीन दिनों पहले कहा था कि उनका युद्ध अमेरिका से अलग है। इजराइल द्वारा ईरान के सबसे बड़े गैस केंद्र वेस्टर्न पोर्स पर हमले की आलोचना के बीच ट्रंप ने कहा था कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। इसके बाद बेंजामिन नेतान्याहू ने बयान दिया था। इसका अर्थ है कि अमेरिका कभी हमले रोकने या युद्ध न करने की घोषणा करे दे तो भी इजराइल उसका अनुपालन करने को बाध्य नहीं है। हालांकि अमेरिका युद्ध न करने का दबाव बना दे तो इजरायल ऐसा कर नहीं सकता किंतु जहां उसके राष्ट्र के अस्तित्व का प्रश्न हो तो कोई उसे कैसे रोक सकता है। युद्ध के कुछ समय तक ट्रंप अकेले पड़े थे । ट्रंप के पोस्ट के पहले कुछ स्थितियां भी बदलीं। उन्होंने नाटो के साथ जापान, चीन आदि देशों से हौर्मूज को खुलवाने में आगे आने की अपील किया था। पहले इसमें आनाकानी थी, पर 22 देशों ने संयुक्त बयान जारी कर ईरान को चेतावनी दिया कि वह हौर्मूज में जहाजों का मुक्त आवागमन कायम करें। साफ कहा गया है कि सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 के अंतर्गत समुद्र में स्वतंत्र नेविगेशन अधिकार है। इस चेतावनी का मतलब ईरान ऐसा नहीं करता तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी । इन 22 देशों में फ्रांस , ब्रिटेन, जर्मनी, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया आदि शामिल हैं। इनमें ब्रिटेन को छोड़ कोई युद्ध में ट्रंप के साथ नहीं था। 22 में अरब के केवल दो प्रमुख देश सऊदी अरब और बहरीन हैं। इसके पहले 12 इस्लामी देशों ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में बैठक कर संयुक्त बयान जारी किया जिसमें ईरान द्वारा इस्लामी देशों पर हमले रोकने को कहा।

तो यह कहना कि अमेरिका पर दबाव है और ईरान पर नहीं यह ग़लत है। इस्लामी देशों के साथ 22 देशों का बयान ईरान को ही कठघरे में खड़ा करता है। दोनों बयानों में अमेरिका या इजराइल के लिए आलोचना का एक शब्द नहीं है। ईरान हौर्मूज और पड़ोसी देशों पर हमले को लेकर अकेला पड़ चुका है। उसके सर्वोच्च नेताओं की बड़ी संख्या मारी जा चुकी है। यह स्थिति न अमेरिका की है और न इजराइल की। ईरान ने इस्लामी शासन को भी शीर्ष से नीचे तक इतनी परिधियों में निर्मित किया है कि उनका ध्वस्त हो जाना अत्यंत कठिन है। अमेरिका तथा इजरायल अभी इस लक्ष्य की ओर शायद ही बढ़ें। किंतु वे सत्ता को इतना दुर्बल अवश्य बनना चाहेंगे ताकि आंतरिक विद्रोह के कारण परिवर्तन की संभावना सशक्त हो और उसमें उनकी भूमिका हो। इसे समझने वालों का निष्कर्ष यही होगा कि ट्रंप के पोस्ट को एकाएक युद्ध रोकने के रूप में नहीं लिया जाए। संभव है उनकी रणनीति हो।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## राजनीति

अम्बरीष प्रजापति




# अमेरिका और ट्रंप के बयानों के इर्द-गिर्द विपक्ष की राजनीति

लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वैचारिक मतभेद होना न केवल स्वाभाविक है, बल्कि यह एक जीवंत शासन व्यवस्था का लक्षण भी है। परंतु, राजनीति की एक मर्यादा रेखा वहां खिंच जानी चाहिए जहां देश की विदेश नीति और प्रधानमंत्री की अंतरराष्ट्रीय छवि का प्रश्न हो। हाल के वर्षों में भारतीय राजनीति में एक चिंताजनक प्रवृत्ति देखी गई है। विदेशी नेताओं के दावों या अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को आधार बनाकर अपने ही देश के नेतृत्व पर प्रहार करना। यह प्रवृत्ति न केवल कूटनीतिक समझ पर प्रश्न चिह्न खड़ा करती है, बल्कि अनजाने में उन विदेशी ताकतों के हाथ मजबूत करती है जो भारत को एक विभाजित राष्ट्र के रूप में देखना चाहती हैं। अमेरिकी राजनीति अपनी विशिष्ट शैली के लिए जानी जाती है। जहां नेता अक्सर घरेलू मतदाताओं को लुभाने के लिए अतिशयोक्ति पूर्ण दावे करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह दावा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया, इसी श्रृंखला का हिस्सा था। विडंबना यह है कि जब स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के पवित्र पटल पर इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया, तब भी विपक्ष ने एक विदेशी नेता के इस बयान को पत्थर की लकीर मान लिया। विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के लिए बारबार'सरेंडर' या 'कॉम्प्रोमाइज्ड' जैसे शब्दों का प्रयोग करना राजनीतिक अपरिपक्वता दर्शाती है। विचारणीय प्रश्न यह है कि क्या भारत जैसा परमाणु शक्ति संपन्न और विश्व की उभरती आर्थिक महाशक्ति किसी एक फोन कॉल पर अपनी रक्षा रणनीतियों से समझौता कर सकता है? विदेशी धरती से आने वाले बयानों पर मुग्ध होकर अपने ही नेतृत्व पर कीचड़ उछालना न तो लोकतंत्र के हित में है और न ही राष्ट्र के स्वाभिमान के। आज की वैश्विक परिस्थितियों को देखें तो विपक्ष के तर्कों की खोखली बुनियाद स्वतः स्पष्ट हो जाती है। जो अमेरिका व ईरान के साथ युद्ध में संघर्ष की स्थिति में है, जिसे नाटो देशों से मदद की गुहार लगानी पड़ी है और जो धमकियां देने के बावजूद युद्ध के मैदान में अनिर्णय की स्थिति में है, क्या वह वास्तव में इस स्थिति में है कि भारत जैसे देश पर अपनी मर्जी थोप सकें? जो स्वयं संकट के समाधान के लिए सहयोगियों की बाट जोह रहा हो, उसके बयानों को आधार बनाकर मोदी सरकार को कॉम्प्रोमाइज्ड कहना तर्कहीनता है। ईरान-अमेरिका संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा को हिलाकर रख दिया है। दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति बाधित है, लेकिन इस भीषण संकट के बीच भी भारत का सुरक्षित रास्ता निकालना एक बड़ी कूटनीतिक विजय है। यदि भारतीय नेतृत्व वास्तव में 'कॉम्प्रोमाइज्ड' होता, तो होर्मुज जलक्षेत्र से हमारे जहाज शिवालिक और नंदा को सुरक्षित रास्ता कभी न मिलता। वहीं, शिवालिक और नंदा जहाज एलपीजी गैस लेकर भारत पहुंच भी गए। यह किसी दबाव का नहीं, बल्कि भारत की कूटनीतिक रणनीति और विदेश नीति का परिणाम है। कूटनीति में रियायतें कमजोरी से नहीं, बल्कि सामर्थ्य से हासिल की जाती हैं। यह बेहद संवेदनशील विषय है कि जब-जब विदेशी मंचों से भारत के विरुद्ध कोई भ्रामक नैरेटिव गढ़ा जाता है, तब हमारा विपक्ष उसी भाषा में प्रतिध्वनि करने लगता है। प्रधानमंत्री के लिए वोट चोर, सरेंडर, कॉम्प्रोमाइज्ड जैसे शब्द विशेषणों का उपयोग अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि को ही धुंधला करता है। संकट के समय जब दुनिया भारत की कूटनीतिक कुशलता को देख रही है, तब अपने ही घर में इस तरह की बयानबाजी प्रतिद्वंद्वी देशों के एजेंडे को हवा देती है। राजनीति में विरोध मुद्दों पर होना चाहिए, विदेशी दुष्प्रचार पर नहीं। कूटनीतिक सफलताएं किसी एक दल की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की होती हैं। जब हम अपने संस्थानों और संवैधानिक पदों की गरिमा को विदेशी चश्मे से तौलने लगते हैं, तो हम अपनी स्वतंत्रता को ही जोखिम में डालते हैं। यह समझना आवश्यक है कि सत्ताएं आती-जाती रहती हैं, लेकिन देश की साख और प्रधानमंत्री के पद की गरिमा अक्षुण्ण रहनी चाहिए। भारत आज उस मुकाम पर है जहां वह अपनी शर्तें खुद तय करता है। ईरान युद्ध के बीच भारत की रणनीतिक स्थिरता ने यह सिद्ध कर दिया है कि हम किसी के पिछलग्गू नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति हैं। विपक्ष को अब विदेशी चश्मे को उतारकर भारतीय चश्मे से देश की प्रगति को देखना होगा। विदेशी धरती से उठने वाले शोर को अपनी सियासत का एजेंडा बनाना बंद करना ही राष्ट्रहित में है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मसम्मान के विषयों पर कम से कम देश के भीतर एक सुर होना चाहिए क्योंकि राष्ट्र प्रथम की भावना ही लोकतंत्र की असली शक्ति है। इसलिए सभी दलों को पीएम पद की गरीमा का ध्यान रखना चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मनुष्य इंद्रिय विषयों में आनंद अनुभव करता है



संकलित
**दर्शन**

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है। केवल उन पर ध्यान करो और अन्य सब बातें त्याग दो (मुंडकोपनिषद)। जो लोग केवल उन्हीं की चर्चा करते हैं, वे भक्त को मित्र समान प्रतीत होते हैं और जो अन्य लोग अन्य विषयों की चर्चा करते हैं, वे उनको शत्रु समान दिखते हैं।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
**प्रेरणा**

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। वह बाघ भी उसके पीछे दौड़ने लगा। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। तब उन्होंने देखा कि वह तालाब बहुत गहरा नहीं था। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस किचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। वह बाघ भी उसके पास होते हुए भी उसे पकड़ नहीं सका। वह भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया। जाते समय गाय और उसका मालिक दोनों एक दूसरे की तरफ कृतज्ञता पूर्वक देख रहे थे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### समान नागरिक संहिता का गुजरात मॉडल

गुजरात विधानसभा में पारित 'यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) विधेयक, 2026' केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारतीय समाज की संरचना में एक व्यापक बदलाव का संकेत है। यह विधेयक उस लंबे विमर्श का परिणाम है, जो दशकों से "समान नागरिक कानून" की अवधारणा को लेकर देश में चलता रहा है। अब गुजरात ने इस दिशा में ठोस पहल करते हुए विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों जैसे व्यक्तिगत मामलों में एक समान कानूनी ढांचा लागू करने का साहसिक निर्णय लिया है। यह कदम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 की भावना के अनुरूप है, जो राज्य को सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में प्रयास करने का निर्देश देता है। *- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### रामनवमी की शुभकामनाएं



देशभर के मेरे परिवारजनों को रामनवमी की असीम शुभकामनाएं। त्याग, तप और संयम से भरे मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से हमें हर परिस्थिति का पूरे सामर्थ्य से सामना करने की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्श अनंतकाल तक भारतवासियों के साथ-साथ संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे। मेरी कामना। **-नरेंद्र मोदी,** पीएम

### चुनाव आयोग निष्पक्ष संस्था



भारत देश में चुनाव आयोग एक निष्पक्ष संस्था है। अगर किसी के पास चुनाव आयोग के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं तो वो सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। इस बार टीएमसी बुरी तरह से हारेगी और दो तिहाई बहुमत के साथ पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। **-सुकांता मजूमदार,** केंद्रीय मंत्री

### सतीशान की प्रतिक्रिया जानें



केरल के धर्मनिरपेक्ष लोगों को विपक्ष के नेता वी डी सतीशान की प्रतिक्रिया जानने का अधिकार है, जिन्होंने 2006 में अपने परवूर निर्वाचन क्षेत्र में माधव सदाशिव गोलवलकर शताब्दी समारोह में भाग लिया था। **-पिनारयी विजयन,** सीएम केरल

### मेरा केरल पर फोकस



मेरा फोकस केरल चुनाव पर है। असम, बंगाल, तमिलनाडु में मेरे साथी कैंपेन कर रहे हैं। केरल में लोग बदलाव चाहते हैं। भाजपा राज्य में कोई अप्रासंगिक कारक नहीं है। असली लड़ाई यूडीएफ व एलडीएफ के बीच है। भाजपा को वोट देना बेकार है। यूडीएफ को वोट दें। **-शशि थरूर,** कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर

# रूस अपने मालवाहक जहाजों को सुरक्षा मुहैया कराएगा



रूस ने कहा है कि वह अपने मालवाहक जहाजों को नौसैनिक सुरक्षा प्रदान करेगा क्योंकि पश्चिमी देशों की नौसेनाओं द्वारा ऐसे जहाजों को रोकने की घटनाएं बढ़ रही हैं। रूस के मैरीटाइम बोर्ड ने बुधवार को एक बैठक में अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर रूसी जहाजों की जब्ती या रोकथाम से निपटने के लिए नए दिशा-निर्देश तैयार किए। ये दिशा-निर्देश मुख्य रूप से अजोव-काला सागर क्षेत्र और बाल्टिक सागर पर लागू होंगे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य क्षेत्रों में भी नौसैनिक सुरक्षा दी जाएगी या नहीं। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब यूरोपीय देश रूस के तथाकथित शैडो फ्लीट को बाधित करने की कोशिशें तेज कर रहे हैं, जिनका उपयोग भारत और चीन जैसे पारंपरिक ग्राहकों तक हाइड्रोकार्बन पहुंचाने के लिए किया जाता है। बोर्ड के प्रमुख निकोलाई पत्रुशेव ने कहा, रूस के साथ काम करने वाले जहाज मालिकों को नौसेना के साथ समन्वय के निर्देश दिए गए हैं और रूसी मालवाहक जहाजों की निगरानी बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि जहाजों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए रूसी नौसेना उनकी निगरानी करेगी और नौवहन क्षेत्रों पर नजर रखेगी।

## ऑफ बीट

# पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न



पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमुख कारण है, और इसकी आर्थिक लागत मधुमेह या कैंसर से भी अधिक है। सबसे आम दीर्घकालिक दर्द पीठ दर्द है। कई मरीज़ - और डॉक्टर - पीठ की विभिन्न समस्याओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनके बारे में उन्हें संदेह है कि यह दर्द का कारण हो सकता है। इसलिए वे हर तरह के उपचार आज़माते हैं, लेकिन अक्सर कोई फायदा नहीं होता। वैज्ञानिकों की बढ़ती संख्या अब यह मानती है कि पुराने पीठ दर्द के कई मामले मुख्य रूप से मस्तिष्क में परिवर्तन के कारण होते हैं। दर्द किसी चोट से उत्पन्न हो सकता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



" मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएँ, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत आम और सहज हो सके। "

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

Tele MANAS 14416

# टेली मानस

## भारत का राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की पहल

# क्या आप किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं?

कभी भी, कहीं से भी टेली मानस के माध्यम से सहायता पाएं।
24/7, 20+ भाषाओं में, पूरे भारत में उपलब्ध।

## इन चिंताओं के लिए हमें कॉल करें:

- उदासी, चिंता या तनाव
- नींद की समस्या
- परीक्षा का तनाव
- परिवार से जुड़ी समस्याएँ
- आत्महत्या से जुड़े विचार
- नशे से संबंधित समस्याएँ
- रिश्तों में परेशानी
- याददाश्त से जुड़े मुद्दे
- पैसों की चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ

"पिछले 3 वर्षों में हमने 30 लाख से अधिक कॉल्स में सहायता की है।"

**टेली मानस ऐप डाउनलोड करें और स्व-देखभाल सामग्री तथा वेलनेस अभ्यास मॉड्यूल देखें।**




## टेली मानस को कॉल करें

24/7

# 14416

टोल-फ्री नंबर

- 10 क्षेत्रीय भाषाओं + अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध।
- दिव्यांग उपयोगकर्ताओं के लिए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स।
- मिलिए 'अस्मी' से आपके सवालों, जानकारी और सहायता के लिए आपका चैटबॉट।

**यहाँ स्कैन करें**

टेली मानस के बारे में और जानने व ऐप डाउनलोड करने के लिए!

CBC 17193/13/0010/2526

रोचक / शिखर चंद जैन

# मूर्ख बनाने वाले ये पशु-पक्षी



बच्चो, इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी मूर्ख बनाने में पीछे नहीं होते। ये इतनी चालाकी से मूर्ख बनाते हैं कि कुछ आभास ही नहीं होता। पशु-पक्षी कभी अपने फायदे के लिए, कभी शिकार करने के लिए तो कभी अपनी जान बचाने के लिए दूसरे जंतुओं को मूर्ख बनाते हैं। अप्रैल फूल-डे के मौके पर हम तुम्हें मूर्ख बनाने वाले कुछ पशु-पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

## कोयल कौवे को बनाती है मूर्ख

**मादा कोयल** बड़ी चतुर होती है। वह खुद घोंसला नहीं बनाती, चुपके से जाकर कौवे के घोंसले में अंडे दे आती है। चतुर कहलाने वाला कौवा, कोयल के इस कारनामे के आगे मात खा जाता है। कौवा, कोयल के अंडों को अपने अंडे समझकर सेता है, उसकी देखभाल करता है। दरअसल, कोयल के अंडे भी आकार और प्रकार में बिल्कुल कौवे के अंडे जैसे दिखते हैं। इस तरह कोयल, कौए को 'मूर्ख' बनाकर अपने अंडों की देखभाल करवा लेती है। *

## ऑक्टोपस मिमिक्री से देता है धोखा



**ऑक्टोपस एक** समुद्री जंतु है। यह अपनी त्वचा का रंग और बनावट बदलने में माहिर होता है। यह मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया में, विशेषकर इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के पास के समुद्रों में पाया जाता है। ऑक्टोपस इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के उथले, रेतीले और कीचड़ भरे पानी में रहने वाला एक अनूठा समुद्री जंतु है, जो 15 से अधिक समुद्री जीवों की मिमिक्री यानी नकल करने की क्षमता रखता है। कलाकार प्रकृति का यह ऑक्टोपस समुद्र के अन्य खतरनाक जंतुओं जैसे लॉयन फिश या समुद्री सांपों की नकल कर लेता है। यह अपनी एक्टिंग इस आधार पर चुनता है कि सामने कौन-सा शिकारी है, ताकि उसे डरा सके। इस तरह शिकारी को धोखा देकर अपनी जान बचा लेता है। *

## किलडियर ड्रामेबाजी में माहिर



**किलडियर मुख्य** रूप से उत्तरी, मध्य और दक्षिणी अमेरिका के खुले, घास वाले मैदानों, खेतों, गोल्फ कोर्स और जल निकायों के किनारे पाए जाते हैं। ये कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कैरिबियन कंट्रीज में भी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। यह प्लोवर प्रजाति का एक तटीय पक्षी है, जो जमीनी इलाकों में रहता है। जब कोई शिकारी, जैसे- कुत्ता, लोमड़ी या इंसान इसके जमीनी घोंसले के करीब आता है, तो मादा या नर किलडियर घोंसले से दूर जाकर जमीन पर लेट जाता है। यह अपने पंख को इस तरह फैलाता और फड़फड़ाता है, जैसे कि पंख टूट गया हो। यही नहीं ड्रामेबाज किलडियर लंगड़ाकर चलने लगता है और दर्द भरी आवाजें भी निकालने लगता है। यह सब देखकर शिकारी को लगता है कि यह पक्षी घायल हो गया है, इसे पकड़ना आसान है। जैसे ही शिकारी, इस पक्षी का पीछा करते हुए घोंसले से काफी दूर चला जाता है, किलडियर फुर्र से उड़ जाता है। कभी-कभी तो ये चतुर पक्षी शिकारी को भ्रमित करने के लिए किसी खाली जगह पर ऐसे बैठ जाता है, जैसे वहां उसका घोंसला हो, ताकि असली घोंसला सुरक्षित रहे। *

## एंग्लर फिश टॉर्चनुमा अंग देता है चकमा



**एंग्लर फिश** मुख्य रूप से अटलांटिक और अंटार्कटिक महासागरों के बहुत गहरे और ठंडे पानी में पाई जाती है। यह मछली समुद्र की सतह से लगभग 600 मीटर से लेकर 8,370 मीटर (27,500 फीट से अधिक) की गहराई में रहती है। एंग्लर फिश दुनिया के सबसे अंधेरे और गहरे समुद्री इलाकों में रहने वाली एक रहस्यमयी मछली है। गहरे समुद्र के अंधेरे में रहने वाली इस मछली के सिर पर एक चमकता हुआ टॉर्चनुमा अंग होता है। छोटी मछलियां जब इस रोशनी को भोजन समझकर पास आती हैं, तब एंग्लर फिश तुरंत उन्हें निगल लेती है। *

## फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाकर चुराता है खाना




**फोर्क-टेल्ड** ड्रोंगो पक्षी, मुख्य रूप से अफ्रीका में सहारा मरुस्थल के दक्षिण में पाया जाता है। यह पक्षी खुले घास के मैदानों, झाड़ियों और हल्के घने वनों में रहता है। यह पक्षी अपनी गहरी कटी हुई पूंछ और निडर स्वभाव के लिए जाना जाता है। फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो दूसरे जानवरों, जैसे कि मीयरकैट्स के खतरे वाली आवाजों की नकल करता है। जब मीयरकैट्स अपना खाना जुटा लेते हैं, तो ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाता है। डर के मारे मीयरकैट्स अपना खाना छोड़कर भाग जाते हैं और फिर ड्रोंगो उसे चुराकर अपना पेट भर लेता है। *

छोटी कहानी

एक ठग ने अपने तोते को बस एक शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। इस शब्द के जरिए ठग ने एक युवक को ऐसा मूर्ख बनाया कि बेचारा हजार अशर्फियां गंवा बैठा। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।

# ठग का तोता



एआई इमेज

एक ठग के पास एक तोता था। उसने उसे सिर्फ एक ही शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। वह उस तोते के साथ एक गांव में आया। रात को उसने एक जगह एक छोटे से बक्से में सोने के सिक्के भरकर गाड़ दिए। अगले दिन वह फिर तोते के साथ वहां पहुंचा और उससे बातें करने लगा। उत्सुकतावश लोग वहां इकट्ठा होने लगे।

ठग ने तोते से पूछा, 'क्या तुम मुझे गड़े खजाने का पता बता सकते हो?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने रात वाली जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'अगर मैं वहां खोदूं तो क्या खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने खुदाई की तो लोग देखकर हैरान रह गए कि वहां वाकई खजाना निकला। यह सब देखकर एक लालची युवक ने उस ठग से पूछा, 'क्या वह तोता बेचेगा?'

ठग बोला, 'हां, बेच सकता हूं, लेकिन एक हजार अशर्फियों से कम नहीं लूंगा।'

युवक ने तोते का इतना अधिक दाम सुनकर पूछा, 'इतना ज्यादा?'

ठग बोला, 'तुम तोते से पूछ लो।'

युवक ने तोते से पूछा, 'क्या तुम इस लायक हो कि तुम्हारे लिए एक हजार अशर्फियां दी जाएं?'

तोते ने झट से उत्तर दिया, 'यकीनन।' युवक ने उस तोते को खरीद लिया। एक हजार अशर्फियां लेकर ठग अपने रास्ते चला गया।

युवक ने घर आकर तोते से पूछा, 'मुझे कहां खजाना मिलेगा?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसकी समझ में कुछ नहीं आया तो उसने एक जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'क्या वहां खोदने पर खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

युवक ने खोदा तो वहां कुछ नहीं निकला। वह तोते के पास आया और बोला, 'तुमने झूठ क्यों बोला?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

ऐसे ही हर सवाल का जवाब जब उसे एक ही शब्द 'यकीनन' में मिला तो वह झुंझलाकर बोला, 'मैं क्या बेवकूफ हूं, जो तुम्हें एक हजार अशर्फियों में खरीदा?'

तोता फिर से बोल पड़ा- यकीनन।

ठग की चालाकी और अपने लालच, बेवकूफी की वजह से वह युवक यकीनन मूर्ख बन चुका था। *

**प्रस्तुतिः एफएमएन**

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# अप्रैल फूल

दिवस प्रथम अप्रैल आ गया
जब हंसता-सा भाई,
भालू जी ने नंदन-वन में
यह योजना बनाई!
गीदड़, लोमड़, शेर सभी को
संदेशा भिजवाया,
जंगल में मंगल करने को
समारोह रखवाया!
नियत जगह पर आ पहुंचे थे
बन-ठन प्राणी सारे,

मगर न कोई तैयारी थी
चकित हुए मन मारे!
देख सभी का सिर चकराया
चतुर लोमड़ी बोली,
आज प्रथम अप्रैल सुनो जी
मेरे सब हमजोली!
लौट के बुद्धू घर को आए
कहा-हो गई भूल,
एक साथ ही सभी जानवर
बने अप्रैल फूल!



एआई इमेज

## बूझो तो जानें



1. मैं पूरब से चलता हूं,
दिनभर आग उगलता हूं।
शाम ढले छिप जाता हूं,
रात में नहीं निकलता हूं।

2. न तन सुंदर न गोरी
छौंक में आऊं काम,
सब्जी-दाल में डाली जाऊं
बूझो मेरा नाम।

3. चार अक्षर का नाम है,
कटे पे आऊं काम।
रंग श्वेत होता मेरा,
अधिक न मेरा दाम।

-वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1.सूरज, 2.हींग, 3.फिटकरी

## जीके क्विज-198

1. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 में किस देश को पहला स्थान दिया गया है?
2. साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 (हिंदी भाषा के लिए) किन्हें प्रदान किया जाएगा?
3. विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?
4. हाल में नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
5. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर कौन थे?
6. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
7. दिसपुर किस राज्य की राजधानी है?
8. अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?
9. एक वयस्क मनुष्य में सामान्यतः कितने दांत पाए जाते हैं?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-198 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-197 का उत्तरः** 1.चंडीगढ़, 2.यूएसए, मैक्सिको, कनाडा, 3.असम, 4.मयंक चक्रवती, 5.महात्मा गांधी, 6.एम.एस. स्वामीनाथन, 7. 27 मार्च, 8.ऑक्सीजन, 9.अलेक्जेंडर फ्लेमिंग, 10.महाराष्ट्र

**जीके क्विज-197 का सही उत्तर देने वालेः** अनुभव-राजनांदगांव, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, संकेत-बालोद, अंकित-रायगढ़, सूरज-महेंद्रगढ़, प्रिया-दिल्ली, जतिन-कांकेर, सुमन-दुर्ग



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

रोहित का अपने दादा जी से रिश्ता एकदम दोस्त जैसा था। दोनों एक-दूसरे के साथ खूब हंसी-मजाक करते थे। रोहित ने पहली अप्रैल को अपने दादा जी को अप्रैल फूल बनाने को सोची। लेकिन दादा जी ने ऐसा चकमा दिया कि रोहित खुद ही अप्रैल फूल बन गया।

# अप्रैल फूल बनाया!



इन दिनों रोहित बहुत खुश था। खुश इसलिए क्योंकि उसके दादा जी गांव से उसके पास यहां, रायपुर जो आए हुए थे। पांचवीं कक्षा की उसकी परीक्षाएं खत्म हो चुकी थीं। इन दिनों उसके स्कूल में छुट्टियां थीं। दादा जी और रोहित में उम्र का बहुत बड़ा फासला था लेकिन दोनों के बीच दोस्तों जैसा रिश्ता था। वे दोनों आपस में खूब हंसी-मजाक और चुहल करते रहते।

एक दिन रोहित के दिमाग में आया कि क्यों न दादा जी को पहली अप्रैल को अप्रैल फूल बनाया जाए। ऐसा करने के लिए वह कोई तरकीब सोचने लगा। थोड़ा सोचने पर उसे एक तरकीब सूझ गई।

दादा जी सुबह जल्दी उठ जाते थे, फिर नहा-धोकर तैयार होकर पार्क में सैर करने जाते थे। पार्क में सैर करने के लिए आने वाले अशोक जी से उनकी दोस्ती हो गई थी। वे दोनों हर रोज साथ में ही सैर किया करते थे। रोहित ने योजना बनाई कि पहली अप्रैल की सुबह दादा जी को कह देगा कि अशोक अंकल ने फोन पर बताया है कि आज वे पार्क में नहीं जाएंगे, बल्कि दादा जी से मिलने घर आएंगे। रोहित ने सोचा कि ऐसा कहने पर दादा जी सैर करने नहीं जाएंगे और अशोक अंकल का इंतजार करते हुए घर में ही रहेंगे। इस तरह दादा जी अप्रैल फूल बन जाएंगे।

दादा जी रोहित के कमरे में ही सोते थे। इकतीस मार्च की रात को सोने से पहले रोहित ने दादा जी के मोबाइल फोन पर सुबह पांच बजे का अलार्म लगा दिया ताकि वह पहली अप्रैल की सुबह दादा जी से अशोक अंकल वाली बात कह सके। अगली सुबह अलार्म बजने पर रोहित की नींद खुली तो उसने देखा कि दादा जी अभी सो रहे हैं। वह दादा जी के जागने का इंतजार करने लगा। कुछ देर बाद जैसे ही दादा जी जागे, रोहित ने अशोक जी के आज सुबह घर में आने की बात उन्हें बता दी। सुनकर दादा जी ने पूछा, 'तुम्हें यह कैसे पता है?' रोहित ने बताया, 'दादा जी, कल रात को अशोक अंकल ने लैंडलाइन फोन पर कॉल कर सूचित किया था। आपके मोबाइल फोन पर उनकी बात हो नहीं पा रही थी। यह सब कल रात को आपको बताना मैं भूल गया था।'

'तो ठीक है, मैं आज पार्क नहीं जाता। अशोक जी के आने से पहले नहा-धोकर तैयार हो जाता हूं।' कहकर दादा जी कमरे से निकल कर आंगन में बने बाथरूम में चले गए। रोहित को लगा कि उसकी योजना सफल हो रही है। वह निश्चिंत होकर बिस्तर में लेट गया। कुछ ही देर में उसे नींद आ गई।

थोड़ी देर बाद उसकी नींद खुली तो वह उठकर आंगन में गया। उसने देखा कि दादा जी का तौलिया आंगन में लगी रस्सी पर नहीं है और बाथरूम का दरवाजा बंद है। वह समझ गया कि दादा जी बाथरूम में नहा रहे हैं। रोहित आंगन में एक कुर्सी पर बैठ कर दादा जी के बाथरूम से बाहर आने का इंतजार करने लगा ताकि उन्हें देखते ही 'अप्रैल फूल बनाया!' कह सके, मगर बहुत वक्त बीत जाने पर भी दादा जी बाहर नहीं आए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि आज दादा जी इतनी देर तक क्यों नहा रहे हैं? आखिर उससे रहा न गया और वह मम्मी-पापा के कमरे की तरफ चल पड़ा। कमरे में पापा कुर्सी पर बैठे अखबार पढ़ रहे थे। वह पापा से दादा जी के बारे में बात करना ही चाहता था कि तभी दरवाजे की घंटी बजी। पापा उठकर दरवाजा खोलने गए तो वह उनके साथ हो लिया। पापा ने दरवाजा खोला तो सामने दादा जी खड़े थे। 'पिता जी, आ गए आप सैर करके?' पापा ने दादा जी से पूछा। 'हां, बेटा।' कहते हुए दादा जी घर के अंदर आ गए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि दादा जी बाहर से कैसे आ रहे हैं। उसके हिसाब से तो दादा जी को बाथरूम में होना चाहिए था। उसने हैरानी से दादा जी की ओर देखा, वह हंसते हुए बोले, 'अप्रैल फूल बनाया..!' 'पर दादा जी, आप तो बाथरूम में थे न!' रोहित में हैरानी से पूछा। 'बेटा, बाथरूम में कोई नहीं था। बस यह जताने के लिए कि मैं बाथरूम के अंदर हूं, नहाने के बाद मैंने अपना तौलिया बाथरूम के अंदर ही रहने दिया था, आंगन में रस्सी पर नहीं फैलाया था और बाथरूम का दरवाजा बंद करके सैर करने चला गया था। जाने से पहले तुम्हारे मम्मी-पापा को सारी बात मैंने बता दी थी। तुम मुझे अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में हो, इस बात का अंदाजा मुझे तभी हो गया था, जब कल रात तुमने मेरे फोन में सुबह पांच बजे का अलार्म लगाया था। तुम तो सुबह इतनी जल्दी कभी उठते नहीं हो और सुबह उठने के लिए मुझे अलार्म की जरूरत होती ही नहीं। आज सुबह अलार्म बजने से पहले ही मेरी नींद खुल चुकी थी और मैं सोने का नाटक कर रहा था। एक बात और सुन लो, अशोक जी तो इन दिनों रायपुर में हैं ही नहीं। वे तो किसी काम से भोपाल गए हैं।' दादा जी मुस्कुराते हुए सारी बात बता रहे थे और रोहित सुन रहा था। दादा जी को अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में खुद वही अप्रैल फूल बन गया था। *

तुम्हारे लिए किताब / समीर गांगुली

# आओ, नाटक खेलें

बच्चो, पिछले दिनों एक अच्छी किताब पढ़ी। जिसे पढ़कर लगा कि इसके बारे में तुम लोगों को जरूर बताना चाहिए। यह किताब नाटक की है, लेकिन इसमें कोई नाटक नहीं है, बल्कि इस बारे में है कि तुम लोग कैसे नाटक बना कर उसे खेल सकते हो?

उमा आनंद लिखित 'आओ, नाटक खेलें' नाम की यह किताब पहली बार 1971 में प्रकाशित हुई थी। अब तक इसकी चौंतीस आवृत्तियां आ चुकी हैं, जो बताती है कि यह किताब कितनी लोकप्रिय है। इसमें कहानी-कहानी में रोचक तरीके से और एक पेशेवर नाटक निर्देशक के जरिए नाटक के सभी अंगों जैसे-पात्र, परिवेश, रंगमंच व्यवस्था, वस्त्र-सज्जा, सामग्री व्यवस्था, रिहर्सल, दर्शकों तक पहुंचने और नाटक के चयन की जानकारी दी गई है। बच्चो, तुम जब इस किताब को पढ़ोगे तो पता चल जाएगा कि कोई नाटक कैसे तैयार होता है? फिर इस कहानी के पात्र दीपक, डीडो, पारो और टप्पो की तरह तुम भी अपनी कॉलोनी या स्कूल में कोई नाटक खेल सकते हो। नाटक की अपने तरह की इस अनूठी किताब को पढ़कर तुम्हें भी लगेगा 'वाह! यह किताब कितनी अच्छी है। नाटक के बारे में बहुत सरल और रोचक ढंग से जानकारी देती है।' तो तुम भी यह रोचक किताब मंगवाकर पढ़ो। नाटक से संबंधित बारीकियां सीखो, खुद नाटक खेलो और वाहवाही पाओ। *




**किताब:** आओ, नाटक खेलें, **लेखक:** उमा आनंद,
**अनुवादक:** बलराज पंडित, **मूल्य:** 55 रुपए,
**प्रकाशक:** नेशनल बुक ट्रस्ट, भारत

## रंग भरो-198

**रंग भरो-198** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





ईशानी, बिलासपुर



प्रत्यूषा, राजनांदगांव



प्रणीका, बिलासपुर



आदित्य, खैरागढ़



शिफा, महासमुंद




समृद्धि, शहडोल


### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

काशवी-रायपुर, प्रभु-कोरबा, प्रगति-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, हिमांशु-राजनांदगांव, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सर्वेश-कोरबा, कुसुम-बलौदा बाजार

## रंग भरो 199



बच्चो, यहां अप्रैल फूल-डे से रिलेटेड प्रैंक-ट्वॉय का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




# वाल्मीकि रामायण की पहली झलक जारी, राम के दिखे चरण

**मुंबई।** आगामी फिल्म 'वाल्मीकि रामायण' के निर्माताओं ने गुरुवार को इसका फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है। पोस्टर पर भगवान राम के चरण दिखाए गए हैं। यह तस्वीर आस्था, करुणा और पवित्र यात्रा शुरू करने से पहले आशीर्वाद लेने के काम को दिखाती है। यह फिल्म इस साल अक्टूबर में रिलीज होगी। फिल्म 'वाल्मीकि रामायण' के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता भावना तलवार ने संभाली है। गुरुवार साझा किए गए पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'जब तक पहाड़ खड़े रहेंगे और नदियां बहती रहेंगी, रामायण जिंदा रहेगी'। बता दें कि यह फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में इंडस्ट्री की एक मजबूत टीम एक साथ काम कर रही है।

लाइफ Style

# जैस्मिन
## पंजाब की मिट्टी ने दी आवाज

एजेंसी ⏭ मुंबई



अपनी दमदार आवाज और रूहानी सुरों से जैस्मिन सैंडलस मे अपना एक अलग मुकाम बनाया है। पंजाब से शुरू हुई जैस्मिन की कहानी आज उनके गानों के जरिए फैंस की जुबान पर हैं। एक वक्त था जब सिंगर बुरी तरह टूटीं मगर जब वो दोबारा उठीं तो सिंगिग की दुनिया की 'धुरंधर' बन गईं।

आदित्य घर की 'धुरंधर' से एक तरह से जैस्मिन को दोबारा बड़े लेवल का चांस मिला। पहले पार्ट में 'धुरंधर' के टाइटल गाने से जैस्मिन की शुरूआत हुई। इसी फिल्म में उन्होंने 'शरारत' भी गया जो भारत समेत सीमा पार कर पाकिस्तान में खूब लोकप्रिय हुआ। 'धुरंधर द रिवेंज' में शाश्वत सचदेव के म्यूजिक कंपोजीशन में ज्यादातर गानें जैस्मिन सैंडलस के ही नाम रहे। साथ ही मशहूर पंजाबी सिंगर सतिंदर सरताज के साथ काम करने का जैस्मिन का सपना भी 'धुरंधर द रिवेंज' से पूरा हो गया। आज सिंगर एक बार फिर चर्चा में हैं और अपनी सफलता का जश्न मना रही हैं। 'धुरंधर' और 'धुरंधरः द रिवेंज' के बाद सिंगर जैस्मिन सैंडलस को फैंस का काफी प्यार मिल रहा है। मगर पंजाब की गलियों से लेकर आज स्टेज पर आग लगाने तक का सफर जैस्मिन के लिए आसान नहीं था। अपनी कड़ी मेहनत और मां के सपोर्ट के दम पर आज जैस्मिन की आवाज जगह-जगह गूंज रही है। पंजाब में जन्मी जैस्मिन को बचपन से ही गाने का बड़ा शौक था। उनकी मां उन्हें लेकर सिंगिग के लिए स्कूल के प्रोग्राम में लेकर जाती। छोटी जैस्मिन को पारंपरिक पंजाबी गाने बहुत अच्छे लगते थे।

हॉलीवुड मसाला



# ट्रेलर देख रोंगटे हो जाएंगे खड़े

**लॉस एंजिल्स।** हांगकांग की आगामी एक्शन फिल्म 'द फ्यूरियस' का ट्रेलर ही सामने आया है, लेकिन फिल्म के एक्शन को लेकर ये लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। 2 मिनट 6 सेंकड के इस ट्रेलर में इतनी बर्बरता और क्रूरता देखने को मिली है। कि आप एनिमल के रणविजय और धुरंधर के हमजा व रहमान डकैत की क्रूरता को भी रहम ही समझेंगे। फिल्म की कहानी वेई (शी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध समूह द्वारा अपहरण की गई अपनी बेटी की तलाश कर रहा है। वेई की मदद नवीन (तस्लीम) करता है।

# हैरी पॉटर एंड द फिलॉसफर्स... सीरीज का ट्रेलर रिलीज



**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ के नए टीवी सीरीज हैरी पॉटर का ट्रेलर बुधवार देर रात जारी किया गया। राइटर जेके रोलिंग की किताब पर आधारित एचबीओ का यह अडैप्टेशन हैरी पॉटर की असल फिल्म सीरीज के काफी अलग होगी। इसकी झलक के साथ ही मेकर्स ने फैंस को एक सरप्राइज भी दिया है। मेकर्स ने साफ किया है कि यह सीरीज समय से पहले क्रिसमस 2026 पर रिलीज होगी। एक और चौंकाने वाली बता यह है कि इस सीरीज का ऑफिशियल टाइटल सिर्फ हैरी पॉटर नहीं, बल्कि हैरी पॉटर एंड द फिलॉसफर्स स्टोन है। ऐसे में फैंस उम्मीद जता रहे हैं कि यह इस टीवी सीरीज का सिर्फ पहला सीजन होगा। इसे फिल्म और नॉवेल की तरह ही कई पॉर्ट्स में रिलीज किया जाएगा। इस सीरीज के ट्रेलर में यंग हैरी और उसके दोस्त हरमाइनी ग्रेंजर व रॉन वीज्ली को हॉगवर्ट्स में अपने पहले साल में दिखाया गया है। ट्रेलर के कुछ सीन से यह तो साफ है मेकर्स ने फिल्म को सीन-ब-सीन कॉपी न करते हुए और डिटेल में कहानी बयां की है। जिस तरह किताब में जिक्र है कि हैरी पॉटर की आंटी पेटुनिया डर्सली उसके बाल काट देती हैं, ठीक वैसा ही ट्रेलर में दिखाया गया है। इसके अलावा भी लगता है कि इस सीरीज की कहानी फिल्म से काफी अलग होने वाली है। शो में यंग हैरी का किरदार डोमिनिक मैकलॉघलिन निभाते नजर आएंगे।

**अब घर बैठे देख सकेंगे मर्दानी-3 :** नई दिल्ली। रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' अगर आपने सिनेमाघरों में नहीं देखी, तो अब आप इसे घर बैठे देख सकते हैं। क्योंकि सिनेमाघरों के बाद अब फिल्म 'मर्दानी 3' ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। मेकर्स ने फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट और प्लेटफॉर्म दोनों की घोषणा कर दी है। 'मर्दानी 3' शुक्रवार 27 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। खुद नेटफ्लिक्स की ओर से एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी साझा की गई है।

# एक दिन का गाना ख्वाब देखूं रिलीज दिखी जुनैद-साई की केमिस्ट्री



**मुंबई।** गुरुवार को जुनैद खान और साई पलल्वी की फिल्म 'एक दिन' का गाना 'ख्वाब देखूं' रिलीज हो चुका है। इस रोमांटिक गाने को साई और जुनैद पर फिल्माया गया है। यह एक रोमांटिक गाना है। इस गाने को अरिजीत के साथ पार्श्वगायक तरन्नुम मलिक जैन ने गाया है, जो फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। दिलचस्प बात यह है कि 'ख्वाब देखूं' गाने का कुछ हिस्सा कुछ हफ्ते पहले रिलीज हुए 'एक दिन' के ट्रेलर में भी दिखाया जा चुका है। इस गाने को अरिजीत के फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। 'एक दिन' एक रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में कुणाल कपूर और केविन दवे सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे। आमिर खान की इस फिल्म की शूटिंग ज्यादातर जापान में हुई है। इस फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है। इसकी पटकथा स्नेहा देसाई और स्पंदन मिश्रा ने मिलकर लिखी है। वहीं, मंसूर खान, आमिर खान और अपर्णा पुरोहित इसके निर्माता हैं।

टीवी मसाला



# 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं' दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** सीरियल अनुपमा और क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 के बीच पिछले कई हफ्तों से टीआरपी चार्ट में टॉप पर बने रहने की जंग चल रही है। ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'क्योंकि सास' ने बाजी मारी है। एक बार फिर टीआरपी क्वीन का खिताब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की तुलसी के सिर पर सजा है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 सीरियल को दसवें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली थी, ग्यारहवें हफ्ते भी इसने अपने टीआरपी को बरकरार रखा है। 2.0 की टीआरपी के साथ यह लिस्ट में पहले स्थान पर जगह बनाने में कामयाब रहा है। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का स्पीन ऑफ सीरियल 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं'हाल ही में शुरू हुआ है। इस सीरियल को ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरा स्थान मिला है। इस सीरियल की टीआरपी 1.9 रही है। दसवें हफ्ते में सीरियल 'अनुपमा'1.9 की टीआरपी के साथ दूसरे नंबर पर था, लेकिन ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह तीसरे नंबर पर है। इसकी टीआरपी कम हुई है, ग्यारहवें हफ्ते में इसकी टीआरपी 1.8 रही है। ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर सीरियल 'वसुधा'है, इसकी टीआरपी 1.8 है। वहीं ,पांचवें नंबर पर सीरियल 'गंगा मां की बेटियां'रहा है, इसकी टीआरपी 1.8 है। हाल ही में खत्म हुए रियलिटी शो 'द 50' की टीआरपी ग्यारहवें हफ्ते में भी काफी कम रही है, इसको 0.6 की टीआरपी मिली है। यह रियलिटी शो 'बिग बॉस'जैसे जादू दर्शकों पर नहीं चला पाया है।

# आखिरी सवाल में होंगे मुख्य भूमिका में

**मुंबई।** संजय दत्त इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। संजय दत्त की अगली फिल्म का ऐलान कर दिया गया है। इसका नाम 'आखिरी सवाल'है। संजय दत्त फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। गुरुवार को फिल्म आखिरी सवाल का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया है। आखिरी सवाल के निर्माताओं ने गुरुवार को फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। आखिरी सवाल का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर अभिजीत मोहन वारंग ने किया है। इसकी पटकथा उत्कर्ष नैथानी ने लिखी है। यह फिल्म 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आखिरी सवाल फिल्म में संजय के अल्वा अमित साध, नमाशी चक्रवर्ती, समीरा रेड्डी, नीतू चंद्रा और त्रिधा चौधरी जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। कथित तौर पर संजय दत्त की 'आखिरी सवाल' राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ यानी आरएसएस पर आधारित बताई जा रही है। यह फिल्म एक प्रोफेसर और रिसर्च स्कॉलर के इर्द गिर्द घूमेगी। आयुष्मान खुराना की 'पति पत्नी और वो दो' भी 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# बिंदास और बेफिक्र इंसान होता है सबसे ज्यादा फैशनेबल : सिद्धांत



**मुंबई।** सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपने छोटे से कॅरियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। यही कारण है कि उनकी गिनती इंडस्ट्री के उभरते हुए सितारों में होती है। असल जिंदगी में काफी ग्राउंडेड नजर आने वाले सिद्धांत चतुर्वेदी ने अब सोशल मीडिया पर फैशन के बढ़ते दबाव के बारे में खुलकर बात की है। साथ ही उन्होंने अपने लक्ष्य को लेकर भी बताया। सिद्धांत चतुर्वेदी स्पष्ट तौर पर कहा कि मेरी पहली पहचान एक अभिनेता के रूप में है, न कि फैशन आइकन के रूप में। फैशन को लेकर अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए सिद्धांत ने कहा कि मुझे लगता है कि सबसे फैशनेबल व्यक्ति वह है, जो ज्यादा नहीं सोचता, थोड़ा बेफिक्र और बिंदास होता है। आखिरकार किसी के व्यक्तित्व को देखकर उसका स्वैग अपने आप झलक जाता है। अगर आप ज्यादा सोचते हैं, तो आप दूसरों जैसा बनने की कोशिश कर रहे होते हैं, मुझे ऐसा लगता है। एक्टर ने कहा कि मैं एक अभिनेता बनने आया हूं, मुझे वह अवसर मिला और आज मैं एक अभिनेता हूं। यही मेरे लिए सबसे बड़ी बात है। फैशन की बात करें तो, यह सब मेरी फिल्मों में ही है, मतलब वे हमें अच्छे कपड़े पहनाते हैं।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**टेलीकॉलर**

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- रायपुर में सड्डू स्थित दाल मिल में एक कुशल शिक्षित कर्मचारी की आवश्यकता है वेतन 14000 से प्रारंभ अनाज लाइन या दाल मिल के अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क- कन्हैया लाल संतोष कुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डू विधानसभा रोड रायपुर मो. 9826141178. (RO-6608)

**ठेका/लेबर**

आवश्यकता है- सिलतरा में बाइंडिंग वायर फैक्ट्री के लिए लकड़ी भट्टी चलाने लेबर (मजदूर),और बाइंडिंग वायर मशीन चलाने ऑपरेटर की आवश्यकता, इछुक मजदूर (लेबर) या ठेकेदार ही संपर्क करे Mob:- 8305119768. (RO-6610)

**अकाउंट कार्य**

आवश्यकता है- एफएमसीजी प्रोडक्ट की कंपनी में एकाउंट कार्य हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है फिल विकल्प प्राइवेट लिमिटेड आकाश गंगा सुपेला डिल्लन कॉम्प्लेक्स-91-8518929999, 7470989889 (आरो -242)

**लॉन्ड्री कार्य**

आवश्यकता है- वांछितः लॉन्ड्री शॉप के लिए इस्त्री, ड्राई क्लीनिंग व वॉशिंग स्टाफ। अनुभव वांछनीय। संपर्कः 9993003346.(RO-6611)

**सेल्सकर्मी**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी) में काम करने के लिए लड़का/लड़की की आवश्यकता है एवं अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है। सम्पर्क करें-7067048454. (आरो-6609)

**ड्राइवर**

आवश्यकता है- ड्राइवर की आवश्यकता है लोकल आदमी को प्राथमिकता लाइसेंस पुराना होना चाहिए रायपुर लोकल चलना है ऑटोमेटिक गाड़ी चलाना आता हो एंड्राइड मोबाइल हो संपर्क मो.- 831925 4400, 9329 578 999, 8319739726 तेलीबांधा रायपुर (RO-187)

**इलेक्ट्रीशियन**

आवश्यकता है- आईटीआई फिटर और इलेक्ट्रीशियन की आवश्यकता है। कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी, रायपुर मो नं. 95893 95294. (RO-0369)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- सिविल लाइन स्थित बंगले में कार्य हेतु अनुभवी पुरुष स्टाफ की आवश्यकता है। कार्यः खाना बनाना, बर्तन साफ करना, सर्विंग करना, रहने की सुविधा उपलब्ध (24 घंटे)। संपर्कः +91 96444 50780.(RO-27)

**सेल्समैन/कम्प्यूटर आप**

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राईवर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड , रायपुर संपर्क समय 10:30 - 9:00, 9425522577 , 9425522576. (RO-827)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए मेहनती एवं व्यवहारिक लड़कों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन, संपर्क करें – पूजा साड़ी हाउस, महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट, पंडरी, रायपुर। (आरो-512)

**मिल कार्य**

आवश्यकता है- रायपुरा चौक स्थित तेल मिल मे काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है। संपर्क करें- रायपुरा चौक. रायपुर मोबाइल नंबर 8839105162. (RO-398)

**मशीन आपरेटर**

आवश्यकता है- गुढियारी पहाडी चौक रायपुर में वायर कटिंग मशीन चलाने हेतु लड़को की आवश्यकता है। रोजी- 500 रू सम्पर्क करें- फाफाडीह चौक BSNL ऑफिस के पास, रायपुर। फोन- 0771- 4095884. (RO-796)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - कुबेर फाइनेंस मुद्रा योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 15 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 8882627857.(RO-4356)

फाइनेंस - प्रगति फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड , पैनकार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज), (30% छूट) संपर्कः- 7489545029. (RO-1357)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - डबल रोड प्लॉट बेचना है, 50x80 =4000 वर्गफुट, डायवर्टेड प्लॉट डॉ. खेमका अस्पताल के पीछे, साईं नगर, जेल रोड रायपुर 9425073660. (RO-0359)

**जमीन**

जमीन बेचना है- परसबोड जिला- राजनांदगांव में 6 एकड़ 38 डिसमिल (गोड, ST ), घर, 2 बोर, बिजली, फैंसिंग है। 20 लाख प्रति एकड़, 5 एकड़ मे तालाब निर्मित बेचना है। संपर्कः-74411-51012 (आरो -10424)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**ASTROLOGY ज्योतिष**

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ



पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।

डॉ. जे.पी. दुबे

गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295

नोटः भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।

स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।

आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

**CLASSIFIED RATE CARD**

01 अप्रैल 2025 से लागू

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com

Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

हरिभूमि क्लासीफाईड

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ




# रोलिंग मीलों को चाहिए 3000 सिलेंडर, एक भी नहीं मिल रहा, स्थिति गंभीर होने की आशंका

**प्रदेश सरकार से कम से कम 50 फीसदी सिलेंडर दिलाने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

कमर्शियल गैस सिलेंडर न मिलने से स्टील उद्योगों की स्थिति भी लगातार खराब हो रही है। प्रदेश में करीब 150 रोलिंग मीलें हैं, इनको हर माह तीन हजार सिलेंडर लगते हैं, लेकिन आज की स्थिति में इनको एक भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। जिनके पास पुराना स्टॉक था, वह समाप्त हो गया है, ब्लैक में सिलेंडर लेकर भी काम चलाया गया, लेकिन अब इसका मिलना भी बंद हो गया है। इसका जो विकल्प है, ऑक्सीजन के साथ डीए गैस मिलाकर काम चलाने के लिए, उसकी कीमत जहां बहुत ज्यादा है, वहीं यह अपने राज्य में मिलता भी नहीं है।

देश के साथ प्रदेश में भी एलपीजी गैस की कमी के कारण उद्योगों को भी कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। एक सप्ताह पहले तक तो कुछ सिलेंडर मिल रहे थे, लेकिन अब मिल ही नहीं रहे हैं। ऐसे में स्थिति खराब हो रही है। पहले ही सिलेंडर की कमी के कारण 30 फीसदी तक उत्पादन प्रभावित हो गया है। अगर एक सप्ताह के अंदर सिलेंडर मिलना प्रारंभ नहीं हुआ तो 30 फीसदी उत्पादन और प्रभावित हो जाएगा।

### विकल्प बड़ा महंगा

कारोबारियों के मुताबिक ऐसा नहीं है कि कटिंग के लिए कोई विकल्प नहीं है। ऑक्सीजन गैस के साथ डीए गैस को मिलाकर कटिंग हो सकती है, लेकिन इसके दाम बहुत ज्यादा है। एलपीजी गैस के दाम 22 सौ रुपए हैं तो विकल्प वाले गैस के दाम ढाई गुना यानी ज्यादा करीब छह हजार रुपए हैं। लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि प्रदेश में ऑक्सीजन गैस का उत्पादन तो होता है, लेकिन इसके साथ मिलाकर जो गैस बनती है, उसका उत्पादन यहां नहीं होता है।

### कटिंग का काम होता है

रोलिंग मील कारोबारियों के मुताबिक रोलिंग मीलों में गैस सिलेंडर का उपयोग कटिंग के काम के लिए होता है। कच्चे माल की कटिंग गैस से ही की जाती है। सिलेंडर न मिलने के कारण कटिंग का काम नहीं हो पा रहा है। ऐसे में उत्पादन लगातार कम हो रहा है।



### ब्लैक में भी नहीं मिल रहा

कमर्शियल गैस का ब्लैक में मिलना भी अब बंद हो गया है। पहले तो यह चार से पांच हजार में मिल रहा था, लेकिन इसको बेचने वालों ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं। अब कहीं भी ब्लैक में भी सिलेंडर न मिलने के कारण स्टील उद्योगों में परेशानी बढ़ गई है।

### मांग रखेंगे

रायपुर के कलेक्टर को एक डाटा बनाकर सोमवार को देंगे कि किस उद्योग में कितने सिलेंडरों की जरूरत है। हमारे रोलिंग मीलों में ही तीन हजार सिलेंडर लगते हैं। इसका 50 फीसदी कम से कम देने की मांग रखेंगे, ताकि कुछ उत्पादन हो सके।

- संजय त्रिपाठी
अध्यक्ष, रोलिंग मील एसोसिएशन

---

**समर्पित नक्सलियों ने कहा- ट्रेनिंग के बाद गांव जाकर करेंगे खेती-किसानी**

# पुनर्वास नीति का उद्देश्य सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर देना : गृहमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

**हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु ने किया संवाद**



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुरुवार को दंतेवाड़ा के पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर पुनर्वासित युवाओं से संवाद किया। उन्होंने युवाओं को इलेक्ट्रिकल टूल एवं वेलकम किट का वितरण किया। पुनर्वास केंद्र में सरेंडर नक्सलियों से हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने भी संवाद किया।

गृहमंत्री श्री शर्मा ने नवरात्रि के अंतिम दिन दंतेवाड़ा पहुंचकर मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। पुनर्वास केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं से चर्चा की और उनकी आवश्यकताओं एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली। युवाओं ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद वे अपने गृह ग्राम लौटकर खेती-किसानी करना चाहते हैं। इस पर उन्होंने आश्वस्त किया कि ऐसे युवाओं को कृषि संबंधी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पुनर्वास नीति का उद्देश्य मुख्यधारा से जोड़कर सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। उन्होंने युवाओं से अपने मुख्यधारा में शामिल होकर उज्ज्वल भविष्य बना सकें। उन्होंने पुनर्वास केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, भोजन व्यवस्था एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की समीक्षा की। युवाओं द्वारा स्वयं भोजन बनाने की इच्छा जताने पर उन्होंने अनुमति प्रदान करते हुए कहा कि इच्छुक युवा स्वेच्छा से भोजन बना सकते हैं।

श्री शर्मा निर्देश दिए कि सभी पुनर्वासित लाइसेंस बनाना भी सुनिश्चित किए जाएं। उपमुख्यमंत्री ने अपील की कि यदि उनके परिजन या पहचान के लोग जेल में निरुद्ध हैं तो वे उनसे मिल सकते हैं या वे पुनर्वास केंद्र में आकर साथियों से मुलाकात कर सकते हैं। यदि वे जेल से पुनर्वास करना चाहें तो भी शासन उनकी हरसंभव मदद कर जेल से पुर्नवास कराने को तैयार है।

### जवानों से मिलकर बढ़ाया हौसला

गृहमंत्री श्री शर्मा ने दंतेवाड़ा स्थित सीआरपीएफ बटालियन कैंप पहुंच जवानों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारे सैन्य बलों के शौर्य का ही परिणाम है कि आज बस्तर संभाग में अब तक लोगों की नजरों से छुपे हुए नए नए पर्यटन केंद्रों में पहुंच कर लोग प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले रहे हैं। स्थानीय लोगों को इससे रोजगार भी प्राप्त हो रहा है।

### मारडूम घाटी मार्ग से पहुंचे दंतेवाड़ा

उपमुख्यमंत्री कभी अति संवेदनशील क्षेत्र माने जाने वाले मारडूम घाटी मार्ग से होते हुए चित्रकूट, लोहंडीगुड़ा और बारसूर के रास्ते दंतेवाड़ा पहुंचे थे। इसके माध्यम से उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि कभी दुर्गम माने जाने वाले मार्ग भी अब सुगम हो गए हैं। अब लोग बिना किसी भय के रात हो या दिन निर्भय होकर इन पर सफर कर सकते हैं।

### प्रशिक्षण ले रहे 107 युवा

वर्तमान में केंद्र में कुल 107 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिनमें 60 बीजापुर एवं 47 दंतेवाड़ा जिले के हैं। यहां इलेक्ट्रिकल, वेल्डिंग, प्लंबिंग, सिलाई और ड्राइविंग जैसे रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं। अब तक 7 युवाओं को ड्राइविंग के क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है तथा 75 युवाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया गया है।

---

**पांच माह से था केंद्रीय कारागार में निरूद्ध**

# सीएएफ के बर्खास्त जवान ने तीसरी बार फांदी जेल की दीवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सेंट्रल जेल से सीएएफ का बर्खास्त जवान व सजायाफ्ता बंदी बुधवार की शाम उंची दीवार को फांद कर फरार हो गया। बंदी के दीवार फांदकर फरार होने की खबर मिलते ही जेल विभाग में हड़कंप मच गया। इसकी खबर तत्काल कोतवाली थाना में दी गई। जिसके बाद उसे खोजने के लिए जेल व पुलिस विभाग सक्रिय हो चुका है और उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

कोतवाली थाना प्रभारी भोला सिंह राजपूत ने बताया कि केंद्रीय जेल अधीक्षक अक्षय तिवारी ने फोन पर कैदी के फरार होने की जानकारी दी। इसके बाद आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। आरोपी कैदी की तलाश शुरू कर दी गई है। देर रात तक पुलिस जवान जेल के आसपास के इलाके में खोजबीन करते रहे लेकिन उसका सुराग नहीं लग पाया। फरार कैदी की पहचान महेंद्र दीवान 32 वर्ष के रूप में हुई है जो कांकेर का निवासी बताया जा रहा है। वह चोरी के मामले में पिछले एक साल से जगदलपुर केंद्रीय कारागार में बंद था। बताया जा रहा है कि आरोपी पहले भी दंतेवाड़ा व कांकेर जिला जेल से फरार हो चुका है चोरी के मामले में उसे पांच साल की सजा हुई थी और 4 जनवरी 2026 को उसे जिला जेल दंतेवाड़ा से केन्द्रीय जेल जगदलपुर ट्रांसफर किया गया था। सूत्रों के अनुसार इससे पहले भी उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल ले जाया गया था जहां से वह कुछ समय के लिए फरार हो गया था।


JHAIGO झाइगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहांसे के काले निशान है? या जले या चोट के निशान है?
वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769


---

**उड़काटोला जंगलों से निकले थे 5 हथियारबंद नक्सली**

# शेष 6 नक्सलियों ने भी किया सरेंडर, चार दशक बाद वनांचल नक्सलमुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला/ कांकेर

मोहला छत्तीसगढ़ में नक्सल मोर्चे पर ऐतिहासिक सफलता दर्ज की गई है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के घने जंगलों और सीमावर्ती ग्रामों में फैला 40 वर्षों का लाल आतंक आखिरकार समाप्त हो गया है। कांकेर-बस्तर के उड़काटोला जंगलों से आरकेबी डिवीजन कमेटी के पांच सशस्त्र नक्सली आज हथियारों सहित आत्मसमर्पण के लिए कांकेर एसपी कार्यालय पहुंचे।

इस महत्वपूर्ण कदम को क्षेत्र में शांति और स्थिरता की दिशा में निर्णायक मोड़ माना जा रहा है। मोहला-मानपुर और आसपास के क्षेत्रों ने बीते चार दशकों में नक्सलवाद की भयावहता को झेला है। यह नवगठित आदिवासी अनुसूचित जनजातीय जिला सैकड़ों विस्फोट, अपहरण, जनप्रतिनिधियों की हत्या, ग्रामीणों पर तलिबानी सजा, युवा वर्ग की निर्मम हत्याओं जैसी घटनाओं का दर्द सहता रहा है। 985 के आसपास आंध्रप्रदेश से होते हुए नक्सली बस्तर क्षेत्र के रास्ते मानपुर के दक्षिणी हिस्से में पहुंचे। औंधी थाना क्षेत्र में उनकी पहली सक्रियता दिखी। जंगलों और पगडंडियों का सर्वे कर नक्सलियों ने सीमावर्ती घाटियों, औंधी से बकरकट्टा तक अपना मजबूत आधार क्षेत्र बना लिया, जो वर्षों तक आतंक का पर्याय बना रहा।




### हथियारों के साथ आत्मसमर्पण

समर्पण के लिए पहुंचे नक्सलियों के पास से एक एसएलआर और दो 303 रायफल सहित अन्य सामग्री बरामद हुई है। समर्पण करने वाले नक्सलियों में एसीएम मंगेश, एसीएम गणेश उड़का, एसीएम राजे, एसीएम हिड़मे उर्फ जमाली, एसीएम मंगति शामिल हैं। इन सभी पर विभिन्न नक्सल गतिविधियों में शामिल होने के चलते इनाम घोषित था।

### जिला नक्सलमुक्त

नक्सलियों के आखिरी डेट लाइन से 5 दिन पहले ही आरकेबी डिवीजन कमेटी के 5 नक्सलियों ने कांकेर में आत्मसमर्पण कर दिया है। इस तरह अब मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला नक्सल मुक्त हो गया है।

- वायपी सिंह, एसपी
मोहला-मानपुर-अं. चौकी

### संयुक्त एरिया कमेटी का सफाया

इन पांच नक्सलियों के आत्मसमर्पण के साथ ही मोहला-मानपुर-औंधी संयुक्त एरिया कमेटी का पूरी तरह सफाया हो गया है। यह क्षेत्र अब नक्सल प्रभाव से मुक्त घोषित किया जा सकता है। सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन के लिए यह बड़ी उपलब्धि है, जो आने वाले दिनों में विकास कार्यों और जनविश्वास बहाली को तेजी देगा।


हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
उपलब्ध सेवायें: कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सोमवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट: खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोंथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोंपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037 OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

सिंघानिया स्किन केयर Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारकर्मा (लेप विधि) विशेषज्ञ (ना कोई सुई, ना भर्ती 2 घंटे के बाद डिस्चाज)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव 13000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR clinic वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सेबी का आज भुवनेश्वर में निवेशक शिविर



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी और निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) 27 मार्च को भुवनेश्वर में छठे 'निवेशक शिविर' का आयोजन करेंगे। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य निवेशकों को उनके रुके हुए लाभांश और बिना दावे वाले शेयरों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने में मदद करना है।

### भारत पीईटी 760 करोड़ रुपए का आईपीओ लाएगी



**नई दिल्ली।** सामान पैक करने के डिब्बे और बोतलें बनाने वाली कंपनी भारत पीईटी लिमिटेड ने शेयर बाजार में अपना पहला आईपीओ लाकर 760 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज जमा किए हैं। मसौदा दस्तावेजों' के अनुसार, इस सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के तहत कंपनी 120 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी।

### जियो प्लेटफॉर्म्स आईपीओ के लिए करेगी दस्तावेज जमा




**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की प्रौद्योगिकी इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स अपने बहुप्रीतिक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए अगले कुछ दिन में सेबी के पास विवरण पुस्तिका (डीआरएचपी) दाखिल कर सकती है। यह संभवतः देश का अबतक का सबसे बड़ा आरंभिक सार्वजनिक निर्गम होगा।

### आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील के ओम्मन होंगे रिटायर्ड



**नई दिल्ली।** इस्पात बनाने वाली प्रमुख कंपनी 'आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील' (एएम/एनएस) इंडिया ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दिलीप ओम्मन 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे। कंपनी में 22 वर्षों के अपने लंबे कार्यकाल के दौरान ओम्मन पिछले सात साल से सीईओ पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

### बंद रहा शेयर, मुद्रा और जिंस बाजार

**नई दिल्ली।** राम नवमी के कारण बृहस्पतिवार को शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार, जिंस और सर्राफा बाजार बंद रहे। रोज की तरह शुक्रवार को बाजार कारोबार के लिए खुलेंगे।

### एनडीआर अवसंरचना निवेश ट्रस्ट ने 410 करोड़ जुटाए

**मुंबई।** एनडीआर अवसंरचना निवेश ट्रस्ट ने मुख्य रूप से देश के प्रमुख बाजारों में लॉजिस्टिक्स और भंडार गृह पोर्टफोलियो के अधिग्रहण के लिए बॉन्ड जारी करके 410 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा की। एनडीआर अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) ने कहा कि इस निर्गम को इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन (आईएफसी) द्वारा शुरू किया गया था, जिसमें इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) की भागीदारी थी, जिसने कुल निर्गम में 205 करोड़ रुपये की सदस्यता ली थी। बॉन्ड पांच साल की अवधि के साथ सुरक्षित, दिनांकित, सूचीबद्ध, भुनाने योग्य गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर हैं और इन पर 7.61 प्रतिशत की कूपन दर है।

# किआ की नई सस्ती इलेक्ट्रिक कार लांच, 435 किमी रेंज, कीमत 29 लाख से शुरू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- ईवी2 का उत्पादन स्लोवारिया में किया जा रहा

किआ ने अपनी नई इलेक्ट्रिक कार ईवी2 को यूरोप में लांच कर दिया है, जो कंपनी की अब तक की सबसे सस्ती ईवी मानी जा रही है। इस कार को सबसे पहले जनवरी 2026 में पेश किया गया था और अब इसकी कीमत और वैरिएंट की जानकारी भी सामने आ गई है।

जर्मनी समेत कई यूरोपीय देशों में इसकी बुकिंग शुरू हो चुकी है। ईवी2 का प्रोडक्शन स्लोवाकिया में किया जा रहा है और इसका मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को इलेक्ट्रिक कार की तरफ अट्रैक्ट करना है। इसकी शुरुआती कीमत यूरो 26,600 यानी करीब 29 लाख रुपए रखी गई है। इसके साथ ही कंपनी इसे लीज पर भी दे रही है, जिससे लोग कम खर्च में इस कार को इस्तेमाल कर सकते हैं।

## कंपनी ने नई इलेट्रिक कार ईवी2 यूरोप में की लांच

### अर्थ और जीटी-लाइन वैरिएंट की खासियत

ईवी2 का 'अर्थ' वैरिएंट 4 और 5 सीट दोनों विकल्प में उपलब्ध है। इसमें 42.2 केडब्ल्यूएच बैटरी और 146 एचपी मोटर मिलती है। इसकी रेंज करीब 308 किमी है। यह वैरिएंट उन लोगों के लिए सही है जो बैलेंस्ड परफॉर्मेंस और कीमत चाहते हैं। वहीं जीटी-लाइन वैरिएंट सबसे प्रीमियम है। इसमें 61 केडब्ल्यूएच बैटरी और 135 एचपी मोटर दी गई है। इसकी रेंज लगभग 413 किमी है। यह वैरिएंट 4 और 5 सीट दोनों ऑप्शन में आता है और इसमें ज्यादा लग्जरी फीचर्स और स्पोर्टी डिजाइन मिलता है।




### फीचर्स और मुकाबला

किआ ईवी2 में लग्जरी इंटीरियर, बड़ा केबिन और आरामदायक सीट्स मिलती हैं। इसके अलावा इसमें एडवांस टेक्नोलॉजी और स्मार्ट फीचर्स दिए गए हैं। यूरोप में इसका मुकाबला रेनाल्ट, सिट्रॉन और वॉक्सवैगन की इलेक्ट्रिक कारों से होगा। किआ ईवी2 अपनी कीमत, रेंज और फीचर्स के कारण इस सेगमेंट में मजबूत दावेदारी पेश कर सकती है।

### वैरिएंट और रेंज

किआ ईवी2 को चार अलग-अलग वैरिएंट में लांच किया गया है, जिससे ग्राहक अपनी जरूरत के हिसाब से विकल्प चुन सकते हैं। इसका बेस वैरिएंट 'लाईट' है, जो 4-सीट कॉन्फिगरेशन में आता है। इसमें 42.2 केडब्ल्यूएच की बैटरी और 146 एचपी की मोटर दी गई है। ये वैरिएंट करीब 317 किमी की रेंज देता है, जो शहर के उपयोग के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसके बाद 'एयर' वैरिएंट आता है, जो 5-सीटर है। इसमें दो बैटरी ऑप्शन मिलते हैं। एक स्टैंडर्ड बैटरी के साथ और दूसरा बड़ा 61 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के साथ। बड़ा बैटरी पैक 453 किमी तक की शानदार रेंज देता है, जो लंबी दूरी के लिए बेहतर है। इसकी कीमत भी ज्यादा रखी गई है।

## सरकार ने कहा, पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं

# देश में 60 दिन का तेल भंडार, एक महीने के लिए एलपीजी आपूर्ति की पक्की व्यवस्था : सरकार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने गुरुवार को कहा कि देश में लगभग 60 दिन का तेल भंडार है और एक महीने की एलपीजी आपूर्ति की व्यवस्था कर ली गई है। सरकार ने कहा कि पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार ने कमी की खबरों को 'जानबूझकर फैलाया गया 'गलत सूचना अभियान' बताया, जिसका उद्देश्य लोगों में घबराहट पैदा करना और खरीदारी को बढ़ावा देना है। पेट्रोल पंप और एलपीजी वितरकों के यहां घबराहट में खरीदारी और लंबी कतारों की खबरों के बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार कच्चे तेल, ईंधन और एलपीजी के भंडार का विवरण जारी किया। इसका मकसद लोगों की घबराहट को दूर करना है।

### पेट्रोल या डीजल की कोई राशनिंग नहीं

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने भी कहा कि पेट्रोल, डीजल या तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि देश भर के सभी पेट्रोल पंप पर पर्याप्त भंडार है और वे सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। पेट्रोल या डीजल की कोई राशनिंग नहीं की जा रही है।




- कमी की खबरों को जानबूझकर फैलाया गया है
- उद्देश्य लोगों में घबराहट पैदा करना और खरीदारी को बढ़ावा देना
- देश भर के सभी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल व डीजल का पर्याप्त भंडार



### भारत 150 देशों को परिष्कृत ईंधन की आपूर्ति करता है

पेट्रोलियम उत्पादों के परिशोधन के मामले में दुनिया में चौथे और पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक भारत, घरेलू ईंधन की उपलब्धता को संरचनात्मक रूप से सुनिश्चित करता है और 150 से अधिक देशों को परिष्कृत ईंधन की आपूर्ति करता है। बयान के अनुसार, ''प्रत्येक भारतीय रिफाइनरी (जो कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में परिवर्तित करती है) 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर चल रही है।''

### पेट्रोल पंपों के लिए ऋण राशि की अवधि बढ़ाई गई

बयान के अनुसार, विशेषकर छोटे शहरों में कुछ पेट्रोल पंप को पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा 'कैश-एंड-कैरी' यानी नकद भुगतान प्रणाली लागू किए जाने के बाद ईंधन की आपूर्ति में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पंप मालिकों की कार्यशील पूंजी संबंधी समस्याओं के कारण किसी भी पंप पर पेट्रोल और डीजल की कमी न हो।

### देश के पास 74 दिन की ईंधन भंडारण क्षमता

अगले 60 दिन के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। इसमें कहा गया है कि भारत के पास कुल 74 दिन की कच्चे तेल और ईंधन भंडारण क्षमता है

**8,00,000 टन एलपीजी कार्गो सुरक्षित किए गए :** एलपीजी के संबंध में, मंत्रालय ने कहा कि 8,00,000 टन एलपीजी कार्गो सुरक्षित कर लिए गए हैं और पूरे एक महीने की आपूर्ति की व्यवस्था पक्की कर ली गई है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) ने अलग से दी सूचना में कहा कि उनके पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और किसी भी ईंधन की कोई कमी नहीं है।

# चालकों को प्रशिक्षण देने खुलेंगे स्कूल : गडकरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- पांच साल में एक करोड़ रोजगार सृजित होने की उम्मीद
- देश में 22 लाख चालकों की कमी, सरकार ने 200 ड्राइविंग स्कूल खोले

सरकार उद्योग जगत के सहयोग से अगले पांच साल में 120 आकांक्षी जिलों और 500 सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े प्रखंडों में चालकों को प्रशिक्षण देने के लिए स्कूल खोलेगी। इस पहल से देश में एक करोड़ रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।


केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजधानी में आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता आमिर खान से बातचीत के दौरान कहा कि देश में 22 लाख चालकों की कमी है और सरकार ने 200 ड्राइविंग स्कूल खोले हैं। मंत्री ने कहा, /"हमने उद्योग जगत की मदद से 120 आकांक्षी जिलों और 500 सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े प्रखंडों में चालकों को प्रशिक्षण देने के लिए केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। इस पहल के माध्यम से हम एक करोड़ युवाओं को रोजगार प्रदान करेंगे।/" सड़क सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से यह सच है कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या के मामले में भारत विश्व में शीर्ष पर है। देश में आज प्रति वर्ष पांच लाख से अधिक दुर्घटनाएं और उससे संबंधित 1.8 लाख लोगों की मौत होती है। गडकरी ने कहा कि लगभग 66 प्रतिशत लोग 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के हैं। इन दुर्घटनाओं के कारण भारत को जीडीपी का तीन प्रतिशत का नुकसान होता है। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के पांच मुख्य कारणों का जिक्र किया।

### हेलमेट पहनने से 50 हजार लोगों की जान बचाई गई

गडकरी ने कहा, ''देश में कानून का भय और सम्मान नहीं है। बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने मात्र से लगभग 50,000 लोगों की जान बचाई जा सकती है। सीट बेल्ट लगाने मात्र से लगभग 30,000 लोग अपनी जान बचा सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने के मामलों में कमी आई है।

# नायरा ने पेट्रोल पांच, डीजल तीन रुपए किया महंगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली





- देश की सबसे बड़ी निजी ईंधन कंपनी है
- कंपनी के देश भर में 6,967 पेट्रोल पंप हैं

देश की सबसे बड़ी निजी ईंधन कंपनी 'नायरा एनर्जी' ने बृहस्पतिवार को पेट्रोल की कीमतों में पांच रुपये और डीजल में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के बाद कंपनी ने यह कदम उठाया है। रूस की 'रोसनेफ्ट' के स्वामित्व वाली इस कंपनी के देश भर में 6,967 पेट्रोल पंप हैं। अलग-अलग राज्यों में मूल्य वर्धित करों (वैट) के कारण कीमतों में बढ़ोतरी का स्तर थोड़ा कम या ज्यादा हो सकता है। कुछ स्थानों पर पेट्रोल 5.30 रुपये प्रति लीटर तक महंगा हुआ है। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने फिलहाल सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। निजी कंपनियों का कहना है कि सरकारी कंपनियों के विपरीत उन्हें घाटे की भरपाई के लिए सरकार से कोई आर्थिक मदद नहीं मिलती, इसलिए उनके पास कीमतें बढ़ाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा था।

भारत अपनी जरूरत का 88 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से मंगाता है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद समुद्र के रास्ते माल ढोने वाले जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे कच्चे तेल के दाम बहुत बढ़ गए थे।

## देश के प्रमुख शहरों में दफ्तरों की मांग 15 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** देश के सात प्रमुख शहरों में दफ्तरों के लिए जगह पट्टे पर लेने की गतिविधि चालू वर्ष की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में 15 प्रतिशत बढ़ गई है। संपत्ति सलाहकार कंपनी कोलियर्स इंडिया के आंकड़े बताते हैं कि इस दौरान सातों शहरों में कुल 1.83 करोड़ वर्ग फुट जगह किराए पर ली गई, जो पिछले साल इसी समय 1.59 करोड़ वर्ग फुट थी। इन सात शहरों में दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे और कोलकाता शामिल हैं। विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती मांग और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भारत में अपने केंद्रों का विस्तार किए जाने से दफ्तरों के बाजार में यह तेजी बनी हुई है।आंकड़ों के मुताबिक, बेंगलुरू में दफ्तरों की मांग 18 प्रतिशत बढ़कर 53 लाख वर्ग फुट रही, जबकि हैदराबाद और पुणे में यह मांग दोगुनी होकर क्रमशः 34 लाख और 25 लाख वर्ग फुट तक पहुंच गई।

# दफ्तर की अपेक्षा कारखानों के कामगारों का वेतन बढ़ रहा

एजेंसी ▸▸ मुंबई



- डिजिटल मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में यह बात कही गई
- वेतन में सालाना आधार पर 8.60 प्रतिशत की बढ़ोतरी

देश में कारखानों और शारीरिक श्रम से जुड़े काम करने वाले कामगारों की न्यूनतम तनख्वाह में सालाना आधार पर 8.60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नौकरियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने वाले डिजिटल मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, यह बढ़ोतरी दफ्तरों में काम करने वाली शुरुआती स्तर की नौकरियों से ज्यादा है। इससे रोजगार के स्वरूप में बदलाव का संकेत मिलता है। रिपोर्ट में कहा गया कि इन कामगारों की औसत न्यूनतम तनख्वाह 2025 में बढ़कर 15,265 रुपये हो गई, जो 2024 के 14,056 रुपये थी। वहीं, दफ्तरों की शुरुआती नौकरियों में तनख्वाह 14,760 रुपये से बढ़कर 15,756 रुपये हुई, जो अपेक्षाकृत धीमी बढ़ोतरी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि डिलीवरी, ड्राइवर और वाहन से जुड़े कामों में तनख्वाह में 16 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है, जबकि कारखानों में काम करने वालों की तनख्वाह करीब 11 प्रतिशत बढ़ी है।

### आईटी क्षेत्र में अब भी सबसे अधिक वेतन

वर्कइंडिया के अनुसार, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अब भी सबसे अधिक वेतन मिलता है, जहां औसत न्यूनतम तनख्वाह 2025 में 21,858 रुपये तक पहुंच गई। वहीं, परिचालन से जुड़े क्षेत्रों में वेतन वृद्धि सबसे तेज देखी जा रही है।

## प्रताप टेक्नोक्रेट्स और बीएसएनएल के बीच 8,025 करोड़ रुपए का करार

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी प्रताप टेक्नोक्रेट्स ने सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के साथ 8,025 करोड़ रुपये के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। 'भारतनेट चरण-तीन' के डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव का कार्य करेगी। कंपनी के अनुसार, इस समझौते के तहत प्रताप टेक्नोक्रेट्स राजस्थान, हरियाणा और असम राज्य में संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के हिस्से के रूप में नेटवर्क का विस्तार करेगी।

# संकट जारी रहा तो उर्वरक उत्पादन 15 फीसदी घटेगा

एजेंसी ▸▸ मुंबई



- क्रिसिल रेटिंग्स ने रिपोर्ट में जताया अनुमान

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों की वजह से भारत में यूरिया और मिश्रित उर्वरकों का सालाना घरेलू उत्पादन 10-15 प्रतिशत तक घटने की आशंका है। क्रिसिल रेटिंग्स की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है।

क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक, आनंद कुलकर्णी ने कहा, ''पश्चिम एशिया में चल रही समस्याओं से खरीफ मौसम के अहम समय पर उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट आ सकती है। एलएनजी और अमोनिया की आपूर्ति में करीब तीन महीने तक जारी रहने वाली रुकावट से घरेलू यूरिया और मिश्रित उर्वरक उत्पादन में 10-15 प्रतिशत की कमी आ सकती है।''हालांकि, उन्होंने कहा कि उत्पादन पर पड़ने वाले इस असर को कुछ हद तक सरकार के हालिया निर्देश से कम किया जा सकेगा, जिसके तहत यूरिया बनाने वाली कंपनियों को 70 प्रतिशत गैस आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि करीब तीन महीने का उर्वरक स्टॉक, और साथ ही दूसरे स्रोतों से होने वाले संभावित आयात से, आपूर्ति में तत्काल कमी आने का जोखिम कम हो जाएगा।इसके अलावा, क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि कच्चे माल और आयातित उर्वरकों की कीमतों में बढ़ोतरी से कंपनियों की कार्यशील पूंजी की ज़रूरतें बढ़ने की संभावना है।

## बिजनेस साइट

### 29 मार्च तक चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर पर 12,000 रुपए तक की बचत का मौका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अब चेतक इलेक्ट्रिक के लिए एक प्रमुख बाजार बन गया है, जहां न केवल शहरों बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ रही है। कम रनिंग कॉस्ट, भरोसेमंद प्रदर्शन और रोजाना की सुविधा के कारण स्थानीय ग्राहक चेतक स्कूटर की ओर आकर्षित हो रहे हैं। कंपनी ने अपनी पेशकश को और मजबूत करते हुए चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर को 87,100 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध कराया है। यह कदम शहरी और युवा उपभोक्ताओं के लिए प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर तक आसान पहुंच सुनिश्चित करता है। चेतक स्कूटर में सॉलिड मेटल बॉडी, आईपी67 रेटेड वॉटर रेजिस्टेंस, 153 किमी तक की एआरएआई-सर्टिफाइड रेंज, स्मार्ट स्क्रीन-बेस्ड नेविगेशन (चुनिंदा मॉडल्स में) और 35-लीटर बूट स्पेस जैसी सुविधाएं दी गई हैं, जो इसे रोजाना शहर में उपयोग के लिए बेहद उपयुक्त बनाती हैं।



इसके अलावा, आकर्षक डिजाइन और विभिन्न रंग विकल्प इसे ग्राहकों के बीच लोकप्रिय बना रहे हैं। विशेष बात यह है कि भारत सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों पर दी जाने वाली सब्सिडी 31 मार्च के बाद समाप्त कर दी जाएगी। ऐसे में जो उपभोक्ता इलेक्ट्रिक वाहन लेने का विचार कर रहे हैं, उनके लिए यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। वर्तमान में इन स्कूटरों की उच्च मांग और शॉर्टेज दोनों बनी हुई हैं। 29 मार्च से पहले चेतक स्कूटर खरीदने पर ग्राहक 12,000 रुपए तक की बचत कर सकते हैं।

## अमेरिका की दो कंपनियों को 56 करोड़ में खरीद रही इंफोसिस

**नई दिल्ली।**आईटी कंपनी इंफोसिस अमेरिका की दो कंपनियों- ऑप्टिमम हेल्थकेयर आईटी और स्ट्रेटस ग्लोबल एलएलसी को खरीद रही है। ये सौदे 56 करोड़ डॉलर तक के हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह ऑप्टिमम हेल्थकेयर आईटी को 46.5 करोड़ डॉलर तक में और स्ट्रेटस को 9.5 करोड़ डॉलर तक में खरीदेगी। लेकिन ऐसा होना रेगुलेटरी मंजूरी पर निर्भर करेगा। ऑप्टिमम हेल्थकेयर आईटी, फ्लोरिडा स्थित एक हेल्थकेयर कंसल्टिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन कंपनी है। इसमें 1600 से ज्यादा कर्मचारी हैं और यह इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड और एंटरप्राइज सिस्टम जैसे क्षेत्रों में काम करती है।

:: आम सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दयावन्त बंजारे, 42 वर्ष, पिता श्री. स्व. खेलनदास बंजारे, निवासी-ग्राम व पोस्ट छछानपैरी, वार्ड नं. 09, थाना मुजगहन, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग आधार नं. 845325174118 के द्वारा मौखिक इकरारशुदा कृषि भूमि स्वामी हक व आधिपत्यधारी विक्रेता श्री हरीचन्द्र साहू उम्र 40 वर्ष, पिता - श्री रिखी राम साहू पता ग्राम सोनपैरी, वार्ड नं 06, जागृति चौक, सोनपैरी- 02, थाना- मुजगहन, तहसील- अभनपुर जिला- रायपुर (छ.ग.) आधार नं. 9479 9868 9293 के नाम पर मौके वाजा ग्राम हथखोज, प.ह.नं 20, रा.नि.म. बासीन, विकासखण्ड- फिंगेश्वर, तहसील राजिम, जिला गरियाबंद छ.ग. में स्थित-खसरा नं. क्रमशः 1376/1, 1381, 1383/2, 1386, 1387/2, 1388/2 रकबा क्रमशः 0.07, 0.13, 0.03, 0.27, 0.05, 0.12 हेक्टे. कुल खसरा योग 06, कुल रकबा 0.67 हेक्टे लगान रुपये 3.50 हे., जिसको विक्रेता के द्वारा क्रेता के पक्ष में विक्रय करने का मौखिक सौदा किया गया है ।

अतः यदि किसी व्यक्ति/ संस्था/ बैंक/ वित्तीय संस्था उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अधिकार, बंधक, ऋण, दावा, आपत्ति या विवाद हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी से लिखित रुप में संपर्क कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा म्याद अवधि के बाद यह माना जायेगा कि उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का दावा/ विवाद शेष नही है और आगे की क्रय-विक्रय प्रक्रिया विधिवत पूर्ण कर दी जावेगी । निर्धारित अवधि के पश्चात किसी भी दावा/ आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

स्थानः रायपुर छ.ग.
दिनांक : 26.03.2026

अधिवक्ता दुष्यंत कुमार
जिला एवं सत्र न्यायालय, रायपुर छ.ग.
कार्यालय पता - निशी कोचिंग सेंटर के पीछे रिंग रोड चौक संतोषी नगर थाना- टिकरापारा
तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 7999054521

**कार्यालय नगरपालिका परिषद सारंगढ़ जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक /5362/लो.क./ 2026 — सारंगढ़ दिनांक :- 25.03.2026

**द्वितीय मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

एतद् द्वारा नगरपालिका परिषद सारंगढ़ में अधोसंरचना मद वर्ष 2025-26 अन्तर्गत विभिन्न कार्य हेतु निविदा प्रपत्र ए में CGPWD BUILDING 01-01-2015 CGPWD ROAD SOR 01-01-2025 तथा आज दिनांक तक संशोधित निविदा आधार पर छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मैनुअल निविदा (त्रि लिफाफ पद्धति) आमंत्रित की जाती है

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 02.04.2026, 04.00 बजे शाम तक
2. परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि - 06.04.2026, कार्यालयीन समय तक
3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 09.04.2026, 03.00 बजे दोपहर तक
4. निविदा खोलने की तिथि - 09.04.2026, 04.00 बजे दोपहर से

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | धरोहर राशि (टी.डी.आर.) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 03 में बोतल्दा ट्रेक्टर गली में सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य | 6.74 | 750.00 | 5500.00 | 03 माह |
| 2. | वार्ड क्र. 04 रायगढ़ रोड़ तालाब के पास यात्रि प्रतिक्षालय निर्माण | 6.11 | 750.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3. | वार्ड क्र. 07 रेस्ट हाउस से पशु चिकित्सालय तक आर.सी.सी. नाली एवं कव्हर निर्माण | 3.54 | 750.00 | 4000.00 | 03 माह |
| 4. | वार्ड क्र. 10 बिलासपुर रोड मुक्तिधाम से मेन रोड तक आर.सी.सी. नाली एवं कव्हर निर्माण | 5.78 | 750.00 | 4500.00 | 03 माह |

निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा दस्तावेज, व अन्य जानकारी कार्यालय में कार्यालयीन अवधि अथवा https://uad.cg.gov.in/ की वेबसाईट में देखी जा सकती है।

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद सारंगढ़

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स : छग की अनुष्का को दूसरा पदक, वेटलिफ्टिंग में इसाक ने जीता स्वर्ण पदक

## कर्नाटक ने स्वर्ण पदकों की लगाई हैट्रिक, वेटलिफ्टिंग में असम का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के खास रहा। नीय तैराक अनुष्का भगत ने महिलाओं की 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में दूसरा स्थान हासिल कर अपना दूसरा रजत पदक जीतने में सफल हुई। इसके साथ ही कर्नाटक के तैराक मणिकांता एल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में अपना तीसरा लगातार स्वर्ण पदक जीतकर स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की।

वहीं ओडिशा की अंजलि मुंडा ने महिलाओं की स्पर्धा में अपना दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के इस पहले संस्करण में 30 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें लगभग 3800 खिलाड़ी नौ खेलों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, वेटलिफ्टिंग और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर हैं, जबकि मल्लखंब और कबड्डी को प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल किया गया है।

**निखिल ने कांस्य पदक जीता :** खेलो इंडिया ट्राइबल नेशनल स्विमिंग प्रतियोगिता के पहले ही दिन भोई स्विमिंग एकेडमी के तैराक निखिल ने शानदार शुरुआत की है। उन्होंने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा में 1:11:77 मिनट का समय निकालते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।


15 वर्षीय अंजलि बनीं खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 की पहली महिला स्वर्ण पदक विजेता

### चोट के बावजूद जीता गोल्ड

वेटलिफ्टिंग में असम की मोनिखा सोनोवाल और मिजोरम के इसाक मालसावम्तलुआंगा ने चोट से जूझते हुए शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीते। मोनिखा ने घुटने की चोट के बावजूद महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में 57 किग्रा स्नैच और 75 किग्रा क्लीन एंड जर्क के साथ कुल 132 किग्रा उठाकर स्वर्ण पदक जीता। ओडिशा की दीपा रानी मलिक (120 किग्रा) ने रजत और अंडमान-निकोबार की अलास्का अलीना (115 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया।

### कर्नाटक छह स्वर्ण और दो रजत पदकों के साथ शीर्ष पर

कर्नाटक के तैराक मणिकांता, जिन्होंने बुधवार को 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और 50 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक जीते थे, ने अपना दबदबा जारी रखते हुए 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले 2:25.93 सेकंड में जीत लिया। त्रिपुरा के रियाज त्रिपुरा (2:34.04 सेकंड) ने रजत और ओडिशा के कान्हू सोरेन (2:36.21 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में अंजलि मुंडा ने 2:53.82 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ की अनुष्का भगत (2:59.33 सेकंड) ने रजत और ओडिशा की अंजलि मलिक (3:06.13 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता। पदक तालिका में कर्नाटक छह स्वर्ण और दो रजत पदकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि ओडिशा तीन स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

# आईपीएल में आरसीबी ने खेले हैं 4 फाइनल मैच एक बार जीता खिताब, फिर चुनौती देने तैयार

## पहला मैच बेंगलुरु और हैदराबाद के बीच 28 को



एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु गत विजेता के रूप में चुनौती पेश करने के लिए तैयार है। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी अपने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। आरसीबी ने अब तक आईपीएल के इतिहास में सिर्फ एक खिताब जीता है। हालांकि, ये टीम 3 बार उपविजेता भी रही है। हालांकि आईपीएल में आरसीबी ने यादगार पारियां खेलीं हैं और उसके फैंस को उम्मीद है कि इस बार आरसीबी फिर विजेता का खिताब अपने नाम करेगी।

### 2009 में उपविजेता रही थी आरसीबी

आईपीएल 2009 दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था, जिसमें आरसीबी की टीम उपविजेता रही थी। जोहान्सबर्ग में हुए आईपीएल 2009 के फाइनल में पहले गेंदबाजी करते हुए आरसीबी ने डेक्कन चार्जर्स को सिर्फ 143/6 के स्कोर पर रोक दिया था। जवाब में आरसीबी ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 137/9 का स्कोर ही बना सकी थी। उस सीजन में आरसीबी के कप्तान अनिल कुंबले थे।

### पिछले साल हुए हादसे के सम्मान में आईपीएल में नहीं होगी ओपनिंग सेरेमनी

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 28 मार्च से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होने वाले मैच से होनी है। इस बीच खबर है कि आगामी सीजन का उद्घाटन समारोह (ओपनिंग सेरेमनी) नहीं होगा। दरअसल, पिछले साल आरसीबी की विक्ट्री परेड के बाद हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हुई थी। इन लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए बीसीसीआई ने फैसला किया है।

### समापन में होगा भव्य आयोजन

मीडिया रिपोर्ट मुताबिक, बीसीसीआई ने भगदड़ में मरे हुए लोगों की याद में उद्घाटन समारोह को सादा रखने का फैसला किया। हालांकि, टूर्नामेंट के आखिर में समापन समारोह (क्लोजिंग सेरेमनी) के भव्य होने की उम्मीद है। इसके लिए बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल योजना बना रहे हैं।

# टीम इंडिया इस साल 17 शहरों में खेलेगी 22 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले चार देशों की टीमें आएंगी खेलने

## एशिया कप में कंपाउंड तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखा तथा रजत चौहान और चिकिता तनिपार्थी की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित जोड़ी फाइनल में पहुंच गई, लेकिन रिकर्व तीरंदाजों को निराशा ही हाथ लगी। भारत के दो कांस्य पदक पहले ही पक्के हो चुके हैं, जबकि पांच खिलाड़ी फाइनल में हैं। इसके अलावा भारत दो और कांस्य पदकों के लिए दावेदार है, जिससे वह पिछले साल के आठ पदकों (पांच स्वर्ण, दो रजत, एक कांस्य) के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गया है। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी होने के कारण क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश पाने वाले चौहान और तनिपार्थी ने लगातार दो जीत हासिल करके अपनी उत्कृष्टता साबित की।

### चीन और कजाकिस्तान को हराया

भारत की मिश्रित टीम जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे को 159-155 से हराया और फिर सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान को 157-153 से पराजित किया। दोनों मैचों में 32 तीरों के बीच संभावित 320 अंकों में से भारतीय जोड़ी ने केवल चार अंक गंवाए, जिससे उनके दबदबे का पता चलता है। इससे उन्होंने देश के लिए कुल मिलाकर छठा पदक पक्का कर दिया।

### महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में रिधि फाइनल में

महिला रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में हरियाणा की उभरती हुई तीरंदाज रिधि फोर फाइनल में पहुंच गई हैं और उनका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतना होगा। भारत ने बुधवार को दो कांस्य पदक जीतकर अपना खाता खोला था। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कंबोज की अनुभवी पुरुष कंपाउंड टीम तथा रूमा बिस्वास, कीर्ति और रिधि की महिला रिकर्व टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था।

### पुरुषों की सेल्फ स्पर्धा में दो पदक पक्के

पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में देश का स्वर्ण और रजत पदक सुनिश्चित है, क्योंकि प्रथमेश जवकर और उदय कंबोज के बीच फाइनल होगा, जबकि रजत चौहान कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# अतिका 'डब्ल्यूएसके' कार्टिंग में सर्वश्रेष्ठ महिला चालक बनीं

एजेंसी ▶▶ फ्रांसियाकोर्टा (इटली)



भारतीय रेसिंग प्रतिभा अतिका मीर ने 'डब्ल्यूएसके सुपर मास्टर्स' कार्टिंग रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवें चरण के फाइनल में 53 चालकों में से आठवां स्थान हासिल किया।

इस परिणाम के साथ उन्होंने इस प्रमुख कार्टिंग श्रृंखला में सर्वश्रेष्ठ भारतीय चालक के साथ-साथ सबसे उच्च रैंक वाली महिला के रूप में अपना अभियान समाप्त किया। पांच चरणों की सीरीज में उन्होंने एक पोडियम (शीर्ष तीन में स्थान), दो सबसे तेज लैप और आठ बार शीर्ष छह में जगह बनाई। उन्होंने यहां अंतिम मुकाबले में 13वें स्थान से शुरूआत की और आठवां स्थान हासिल किया। यह उनकी दृढ़ता और तेज प्रदर्शन का स्पष्ट प्रमाण है। फ्रैंसियाकोर्टा चरण में उन्होंने पूरे सप्ताहांत में लगातार शीर्ष पांच में स्थान बनाकर अपनी प्रगति को दिखाया।

# जम्मू में पहले हाफ मैराथन के लिए 3600 ने किया पंजीकरण

***जम्मू।*** *पर्यटन को बढ़ावा देने और फिटनेस गतिविधियों में जनता की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पहले जम्मू हाफ मैराथन का आयोजन रविवार 29 मार्च को होगा। इस मैराथन में 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और पांच किलोमीटर की दौड़ स्पर्धाएं आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 'जम्मू मैराथन एक्सपो' के उद्घाटन के मौके पर कहा कि इस आयोजन को केन्द्र शासित प्रदेश और उसके बाहर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा, /"800 से अधिक प्रतिभागी जम्मू एवं कश्मीर के बाहर से आ रहे हैं, जबकि केन्द्र शासित प्रदेश से लगभग 2,800 पंजीकरण हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि कुल 3,558 घरेलू और 90 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी इस मैराथन में भाग लेंगे। सीएम अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार का प्रयास पर्यटन और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा रविवार को हम जम्मू हाफ मैराथन के पहले आयोजन में 10 किलोमीटर और पांच किलोमीटर दौड़ स्पर्धा भी आयोजित कर रहे हैं।*

# इस आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे कई दिग्गज खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होनी है, जिसमें कुल 10 टीमें हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। आगामी सीजन के शुरू होने से पहले सभी टीमें खिलाड़ियों की फिटनेस पर नजरें बनाए हुए हैं। इसी क्रम में कुछ खिलाड़ी चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह पर दूसरे खिलाड़ियों को शामिल किया जा चुका है। इस बीच 2026 सीजन से बाहर हुए प्रमुख खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।

### हर्षित राणा केकेआर)

कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोट के कारण बाहर हो चुके हैं और उनकी जगह पर टीम ने नवदीप सैनी को शामिल किया है। राणा पिछले कुछ समय से केकेआर के प्रमुख तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में उनके बाहर होने से टीम को बड़ा झटका लगा है। बता दें कि राणा ने पिछले 2 सीजन में केकेआर से खेलते हुए कुल 34 विकेट लिए थे।





### सैम कर्रन (आरआर)

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के ऑलराउंडर सैम कर्रन भी आगामी सीजन में नहीं खेलते दिखेंगे। दरअसल, ग्रोइन इंजरी के चलते वह इस सीजन में नहीं खेल पाएंगे।

### नाथन एलिस (सीएसके)

चेन्नई सुपरकिंग्स को आईपीएल के पूरे 2026 सीजन में अपने स्टार ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज़ नाथन एलिस के बिना ही खेलना होगा।

### आकाश दीप (केकेआर)

कोलकाता नाइट राइडर्स के आकाश दीप भी चोट के कारण आगामी सीजन से बाहर हो चुके हैं।








# जीपीएस को भूल जाइए, अब चलेगा भारत का नाविक!

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने अंतरिक्ष की दुनिया में अपनी एक अलग स्वदेशी पहचान बना ली है। हम अब केवल अमेरिकी जीपीएस पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि हमारे पास अपना खुद का नाविक है। किसी भी संकट के समय यह तकनीक भारत के लिए कितनी ढाल साबित हो सकती है, वैज्ञानिकों ने इसे विस्तार से समझाया है।

आज के समय में हम जहां भी जाते हैं, मोबाइल में मैप खोलते हैं और रास्ता मिल जाता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि यह सुविधा ज्यादातर विदेशी सिस्टम पर टिकी होती है। ऐसे में अगर कभी ये सिस्टम काम करना बंद कर दें, तो बड़ी परेशानी खड़ी हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए भारत ने अपना खुद का नेविगेशन सिस्टम नाविक तैयार किया है। यह तकनीक धीरे-धीरे देश के लिए बेहद अहम बनती जा रही है। इसरो द्वारा बनाया गया नाविक अब स्मार्टफोन्स और कमर्शियल वाहनों में तेजी से अपनी जगह बना रहा है। कारगिल युद्ध के दौरान जब अमेरिका ने भारत को जीपीएस डेटा देने से मना कर दिया था, तभी भारत ने ठान लिया था कि उसका अपना 'आसमान का पहरेदार' होगा। आज इसरो का नाविक न केवल तैयार है, बल्कि यह अमेरिकी जीपीएस से भी ज्यादा सटीक और भरोसेमंद साबित हो रहा है।

## इसरो का ये स्वदेशी नेविगेशन सिस्टम, अमेरिका भी रह गया दंग

### क्या है नाविक?

नाविक का पूरा नाम नेविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन है। यह भारत का अपना रिजनल सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम है। इसमें 7 से 8 सैटेलाइट का एक समूह है, जो पृथ्वी से लगभग 36,000 किलोमीटर ऊपर तैनात हैं। यह न केवल पूरे भारत को कवर करता है, बल्कि देश की सीमाओं से 1500 किलोमीटर बाहर तक की सटीक जानकारी देता है।



### कैसे काम करता है नाविक?

अमेरिका के जीपीएस और भारत के नाविक के काम करने के तरीके में एक बड़ा अंतर है। नाविक के सैटेलाइट भारत के ऊपर एक निश्चित स्थिति में रहते हैं।

### जीपीएस से कैसे अलग है नाविक?

अमेरिका का जीपीएस पूरी दुनिया को कवर करता है, लेकिन भारत का नाविक विशेष रूप से भारत और उसके आसपास के 1,500 किलोमीटर के दायरे पर फोकस करता है। जीपीएस जहां आपको 20-30 मीटर तक की एक्यूरेसी देता है, वहीं नाविक भारत के अंदर 5 मीटर से भी कम की एकदम सटीक लोकेशन बता सकता है।

# अंतरिक्ष में मिली 24 नई पृथ्वी ?

वॉशिंगटन। ब्रह्मांड में हम अकेले हैं या नहीं? इस सवाल का जवाब खोजने की दिशा में वैज्ञानिकों ने एक बहुत बड़ी कामयाबी हासिल की है। वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में 45 ऐसे ग्रहों की पहचान की है, जहां जीवन होने की सबसे अधिक संभावना है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यहां एलियन लाइफ की सबसे ज्यादा संभावना है। इंसान सदियों से आसमान के तारों को देखकर यह सोचता आया है कि क्या वहां भी कोई रहता है? वैज्ञानिक भी कई सालों से अंतरिक्ष की गहराई में इस सवाल का जवाब ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। साइंसडेली में प्रकाशित एक रिसर्च के अनुसार, इसमें अब जा कर वैज्ञानिकों को सबसे बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। दुनिया भर के खगोलविदों ने डेटा का एनालिसिस कर 45 ऐसे ग्रहों को 'शॉर्टलिस्ट' किया है, जो न केवल पृथ्वी जैसे दिखते हैं, बल्कि वहां जीवन के लिए जरूरी परिस्थितियां भी मौजूद हो सकती हैं। ये 45 ग्रह अब जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप जैसे आधुनिक दूरबीनों के लिए 'प्राइम टारगेट' बन गए हैं।

### इन ग्रहों को क्यों माना जा रहा है खास?

वैज्ञानिकों ने इन 45 ग्रहों को हजारों एक्सोप्लैनेट्स की भीड़ में से चुना है। इनके चयन का मुख्य आधार हैबिटेबल जोन है। ये सभी ग्रह अपने तारे से उतनी ही दूरी पर हैं, जहां न तो बहुत ज्यादा गर्मी है और न ही बहुत ज्यादा ठंड. इसमें 24 ऐसे ग्रह हैं, जिन पर जीवन की संभावना ज्यादा बताई जा रही है। यहां पानी तरल अवस्था में रह सकता है। इसे 'गोल्डीलॉक्स जोन' भी कहा जाता है। पृथ्वी की तरह इन ग्रहों की सतह ठोस और पथरीली होने की संभावना है, जो जीवन के पनपने के लिए बुनियादी शर्त है।

## वैज्ञानिकों को दिखे ऐसे ग्रह जहां मुमकिन है जीवन



### कैसे होगी एलियंस की तलाश?

अब वैज्ञानिक इन 45 ग्रहों पर सीधे नजर गड़ाए हुए हैं। इसके लिए जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप और भविष्य के एक्सट्रीमली लार्ज टेलिस्कोप का इस्तेमाल होगा। जब ये ग्रह अपने तारे के सामने से गुजरते हैं, तो उनकी रोशनी छनकर हम तक पहुंचती है। इसे ट्रांजिट मेथड कहते हैं। इससे वहां की हवा में मौजूद गैसों का पता चलता है। वैज्ञानिक वहां ऑक्सीजन, मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैसों का कॉम्बिनेशन ढूंढेंगे। अगर ये गैसें एक खास अनुपात में मिलती हैं, तो यह वहां जीवन (पेड़-पौधे या सूक्ष्म जीव) होने का पक्का सबूत होगा। इसके साथ ही वैज्ञानिक रेडियो तरंगों की भी जांच करेंगे, ताकि पता चल सके कि क्या वहां कोई उन्नत सभ्यता रेडियो सिग्नल भेज रही है।

### क्या ये हमारे करीब हैं?

इनमें से कई ग्रह हमसे सिर्फ कुछ प्रकाश वर्ष की दूरी पर हैं। हालांकि, आज की रॉकेट तकनीक से वहां पहुंचने में हजारों साल लगेंगे, लेकिन टेलिस्कोप से उन्हें देखना संभव है। साथ ही इनमें से अधिकांश ग्रह रेड ड्वार्फ तारों की परिक्रमा कर रहे हैं, जो हमारे सूरज से छोटे और ठंडे होते हैं, लेकिन अरबों सालों तक स्थिर रहते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि वहां जीवन का होना अपने आप में मानव इतिहास की सबसे बड़ी खोज होगी. यह साबित कर देगा कि पृथ्वी जैसा चमत्कार ब्रह्मांड में कहीं और भी हुआ है।



### क्या हमें जल्द मिलेगी 'गुड न्यूज'?

इस रिसर्च के प्रमुख शोधकर्ताओं का कहना है कि यह सूची हमें उन जगहों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगी, जहां सफलता की उम्मीद सबसे ज्यादा है। अब हम पूरे आसमान में भटकने के बजाय सीधे उन खिड़कियों में झांकेंगे, जहां से एलियंस हमें हाय-हैलो कह सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह पहली बार है जब हमने इतनी सटीकता से संभावित जीवन वाले ग्रहों की सूची देखी है। हम आने वाले कुछ सालों में टेलिस्कोप की मदद से इन ग्रहों की सतह का केमिकल फिंगरप्रिंट ले पाएंगे। हालांकि, अभी वहां पहुंचना मुमकिन नहीं है, क्योंकि ये ग्रह हमसे कई प्रकाश वर्ष दूर हैं।

## रोचक खबरें



### मरने के बाद कैसा लगेगा? जिंदा होकर भी मौत का ट्रायल!

**बैंकाक।** जरा सोचिए...आप पूरी तरह जिंदा हैं, लेकिन कुछ मिनट के लिए खुद को ताबूत में लेटा हुआ देख रहे हैं। ऊपर एक आईना है, जिसमें दिख रहा है आपका ही चेहरा...खामोश, स्थिर, जैसे सब खत्म हो चुका हो। डर लगेगा या फिर अजीब सा सुकून मिलेगा? थाईलैंड का 'डेथ फेस्टिवल' इसी एहसास को सच में बदल रहा है। यहां लोग मौत से भाग नहीं रहे, बल्कि उसे करीब से समझने की कोशिश कर रहे हैं और यही वजह है कि ये अनोखा फेस्ट अब दुनिया भर में चर्चा का विषय बन चुका है। थाईलैंड का ये डेथ फेस्ट सिर्फ अजीब नहीं, बल्कि गहरा संदेश देता है। मौत को समझोगे, तभी जिंदगी सही मायनों में जी पाओगे। थाईलैंड में इन दिनों एक अलग ही तरह का फेस्ट चर्चा में है। यहां लोग मौत से भागते नहीं, बल्कि उसे समझने की कोशिश करते हैं। बैंकॉक के पास नोनथाबुरी में लगे इस तीन दिन के मेले में लोग खुद ताबूत में लेटकर 'मृत्यु के निकट के अनुभव ' जैसा अहसास लेते हैं। इस फेस्ट का मकसद डर फैलाना नहीं, बल्कि जिंदगी की हकीकत से रूबरू कराना है। यहां आने वाले लोग ताबूत का अनुभव लेकर खुद को आईने में देखते हैं, जैसे अपनी ही मौत का मंजर देख रहे हों।

### मार्केट में आया एआई खटाल! बिना ग्वालों के ही चर लेती है गाय

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की एक कंपनी ने अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से ऐसे खटाल बनाए हैं, जो वर्च्युअल हैं। इसमें इंसानों की जरूरत नहीं होती। गाय अपने गले में आगे स्मार्ट कॉलर की मदद से ही अपने सारे काम खुद कर लेती है। ग्वालों को सिर्फ फोन में एक ऐप इंस्टॉल करना पड़ता है। कृषि क्षेत्र में एआई की नई क्रांति आई है। न्यूजीलैंड कंपनी हाल्टर ने ऐसा स्मार्ट कॉलर बनाया है जो गायों को 'एआई खटाल'में बदल देता है। बिना किसी ग्वाले के गायें खुद चरती हैं, खुद मिल्किंग शेड जाती हैं और दूध निकलवाती हैं। यह सोलर-पावर्ड कॉलर गाय के गले में पहनाया जाता है, जिसमें जीपीएस, एआई और सेंसर्स लगे हैं। फार्मर को बस एक ऐप इंस्टॉल करना पड़ता है और बस फोन पर ही गायों को इंस्ट्रक्शन दिए जाते हैं। इसी के आधार पर गाय को पता चल जाता है कि कब चरने जाना है, कब मिल्किंग के लिए जाना है। इसके लिए इंसान का होना जरुरी नहीं है। फार्मर ऐप पर लाइन खींचकर वर्चुअल फेंस बना लेता है। गायें बॉर्डर के करीब पहुंचती हैं तो कॉलर पहले बीप करता है, फिर वाइब्रेशन देता है। अगर नहीं रुकतीं तो हल्का शॉक जैसा सिग्नल देता है, लेकिन ये जानवरों के लिए सुरक्षित है।




### कद्दू के बीज पर उकेरा बाबा का चित्र! रचा इतिहास

**उज्जैन ।** महाकाल की नगरी उज्जैन की कलाकार इन दिनों सूक्ष्म कला में कमाल दिखा रहे हैं। इन प्रतिभाशाली कलाकार ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर न सिर्फ उज्जैन, बल्कि मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है। बेहद छोटी-छोटी वस्तुओं पर शानदार चित्र बनाना आसान नहीं होता, लेकिन उज्जैन की इस कलाकार ने अपनी मेहनत और धैर्य से इसे संभव कर दिखाया। हम बात कर रहे है उज्जैन की डॉ. मंजू तिवारी जो की पेशे से एक योगा टीचर है। लेकिन, इन दिनों उनकी पेंटिंग की चर्चा दुनियाभर मे हो रही है। फाइन आर्टस की विध्यार्थी मंजू तिवारी ने कदु के बीज पर बाबा खाटूश्याम जी का 1 से.मी. का चित्र 1 मिनिट 7 सेकंड में बनाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया हैं। उक्त पेंटिंग अत्यंत सूक्ष्म ओर आकर्षक बिना मेग्नीफाइंग ग्लास के बनाई गई हैं। यह रिकॉर्ड 2 मार्च को द वर्ल्ड वाइड बुक्स ऑफ रिकॉर्ड दर्ज किया गया हैं। जिसकी प्रसंसा अब पुरे उज्जैन मे हो रही है। डॉ. मंजू बताती है कि मुझे ड्राइंग का शौक बचपन से है। जब मे छोटी थी जब भगवान की प्रतिमा देखकर उनको रंगों के माध्यम से कागज पर उतारने का प्रयास करती थी। अब मेरी बनाई हुईं पेंटिंग बड़े-बड़े प्रदर्शनियों मे लग चुकी है। ऐसे तो याद नही लेकिन अभी कुछ ही समय पहले करीब 10 अक्टूबर को दिल्ली की एक प्रदर्शनि मे योगेश्वर और योगि की पेंटिंग लगी थी।



# चांद की ओर फिर बढ़े कदम! नासा ने जारी किया आर्टेमिस-2 मिशन का पूरा शेड्यूल

**वॉशिंगटन।** नासा एक बार फिर इंसानों को चांद के सफर पर भेजने के लिए तैयार है। 50 साल से भी ज्यादा समय के बाद इंसान एक बार फिर चांद की दहलीज लांघने जा रहा है। नासा इसके लिए अपने 'आर्टेमिस-2' मिशन को पूरी तरह तैयार कर रहा है। नासा ने कहा है कि वह अपने 'आर्टेमिस-2' मिशन की लॉन्चिंग का सीधा प्रसारण दुनिया भर में करेगा। फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से होने वाले इस लॉन्च की हर छोटी-बड़ी खबर अब आपकी उंगलियों पर होगी। नासा ने इसके लिए विशेष मीडिया कवरेज और पब्लिक व्यूइंग की व्यवस्था कर रखी है। इस लॉन्चिंग को आप टीवी चैनलों, सोशल मीडिया और नासा की आधिकारिक वेबसाइट पर लाइव देख सकते हैं। यहां हम आपको इस मिशन की स्टेप बाय स्टेप डिटेल्स बताने जा रहे हैं।



### एस्ट्रोनॉट के लिए बड़ी परीक्षा

यह मिशन सिर्फ तकनीक का नहीं, बल्कि इंसानों की क्षमता का भी बड़ा टेस्ट है। अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने का शरीर पर क्या असर पड़ता है, इसे समझने के लिए कई अहम प्रयोग किए जाएंगे। इसमें एस्ट्रोनॉट की नींद, स्वास्थ्य, रेडिएशन और मानसिक स्थिति जैसे कई पहलुओं पर नजर रखी जाएगी। इससे आने वाले समय में लंबी अंतरिक्ष यात्राओं को और सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी।

### शक्तिशाली रॉकेट और आधुनिक स्पेसक्राफ्ट

नासा इस मिशन में अब तक का सबसे ताकतवर रॉकेट इस्तेमाल करने वाला है। यह एस्ट्रोनॉट को धरती की कक्षा से बहुत दूर तक ले जा सकता है। इसके साथ एक आधुनिक तकनीक वाला स्पेसक्राफ्ट भी होगा, जिसमें यात्रियों की सुरक्षा और आराम का खास ध्यान रखा गया है। नासा ने इस स्पेसक्राफ्ट को ऐसे डिजाइन किया है कि वह लंबी दूरी की यात्रा को सुरक्षित और भरोसेमंद बना सके। इसमें लाइफ सपोर्ट से लेकर कम्युनिकेशन तक हर चीज को नए स्तर पर तैयार किया गया है।

### दुनिया देखेगी मिशन का हर पल

इस बार मिशन को लेकर सबसे खास बात इसकी लाइव कवरेज है। लॉन्च से लेकर अंतरिक्ष यात्रा और वापसी तक, हर अहम पल को सीधे लाइव दिखाया जाएगा। लोग अपने मोबाइल या कंप्यूटर पर यह पूरा मिशन देख पाएंगे। सभी लोग ट्रैक कर पाएंगे कि स्पेसक्राफ्ट कहां पहुंचा है, कितनी दूरी तय कर चुका है और आगे क्या होने वाला है।

### क्या है इस मिशन में खास?

आर्टेमिस-2 एक मानव मिशन है, जिसमें एस्ट्रोनॉट चांद के पास तक जाएंगे और उसका चक्कर लगाकर वापस धरती पर लौटेंगे। यह मिशन करीब 10 दिनों का होगा। इस बार चांद पर उतरने की योजना नहीं है, लेकिन यह मिशन बेहद अहम है, क्योंकि इससे आने वाले समय के मिशनों की तैयारी मजबूत होगी। यह एक तरह का रिहर्सल है, जिसमें हर सिस्टम को असली हालात में परखा जाएगा।

## 2040 तक 90% प्लास्टिक खत्म करने का लक्ष्य

# समुद्र का कचरा साफ करने निकली दुनिया की सबसे बड़ी मशीन !

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर एक विशाल मशीन का वीडियो फिर से वायरल हो रहा है, जिसे समुद्र से प्लास्टिक कचरा हटाने के लिए बनाया गया है इस सिस्टम को द ओशन क्लीनअप ने विकसित किया है। यह करीब 600 मीटर लंबा फ्लोटिंग स्ट्रक्चर है, जो समुद्री धाराओं की मदद से प्लास्टिक को इकट्ठा करता है। इसका मुख्य इस्तेमाल ग्रेट पैसिफिक गार्बेज पैच जैसे इलाकों में किया जा रहा है, जहां भारी मात्रा में प्लास्टिक जमा है। इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य है कि साल 2040 तक समुद्र में मौजूद 90% तैरता हुआ प्लास्टिक हटा दिया जाए। हालांकि, वायरल वीडियो 2022 का है, लेकिन तब से इस तकनीक में काफी सुधार हुआ है। अब यह सिस्टम सिस्टम 002 से आगे बढ़कर सिस्टम 03 तक पहुंच चुका है, जो पहले से ज्यादा प्रभावी माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार 2025 के मध्य तक समुद्र से करीब 5 लाख किलो प्लास्टिक हटाया जा चुका है। सिर्फ 2025 में ही 2.5 करोड़ किलो से ज्यादा कचरा हटाया गया। 2026 की शुरुआत तक कुल आंकड़ा 5 करोड़ किलो से ज्यादा पार कर चुका है।





### नदियों में भी चल रहा मिशन

इस पहल के तहत 20 से ज्यादा इंटरसेप्टर मशीनें नदियों में लगाई गई हैं, जो प्लास्टिक को समुद्र में जाने से पहले ही रोकती हैं। इसके अलावा 2025 में 30 शहरों का कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसका लक्ष्य 2030 तक नदियों से आने वाले एक-तिहाई प्लास्टिक को रोकना है। वीडियो वायरल होने के बाद लोग इस पहल की तारीफ कर रहे हैं और इसे पर्यावरण बचाने की दिशा में बड़ा कदम मान रहे हैं। हालांकि, कुछ लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि क्या यह लक्ष्य तय समय में पूरा हो पाएगा।

# कोरोना का नए वेरिएंट : खतरनाक कीड़े पर नाम रखा गया सिकाडा

**वॉशिंगटन।** कोरोना के नए वेरिएंट (सिकाडा) का नाम केवल इत्तेफाक नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक गहरा साइंस है। वैज्ञानिकों ने इसे यह नाम इसलिए दिया, क्योंकि इसका व्यवहार सिकाडा कीड़ों (एक प्रकार का झींगुर) से मिलता जुलता है। सिकाडा एक ऐसा कीड़ा है, जो सालों तक जमीन के नीचे सुप्त अवस्था में रहता है और फिर अचानक लाखों की संख्या में बाहर आता है। दुनिया अभी पुराने कोविड वेरिएंट्स से उबर ही रही थी कि अमेरिका में कोरोना का एक नया वेरिएंट तेजी से पैर पसार रहा है।



वैज्ञानिकों ने इसका नाम सिकाडा (बी.ए.3.2) दिया है। एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, यह वेरिएंट अमेरिका के 25 राज्यों में पाया गया है। इसकी खास बात यह है कि इसमें 70 से 75 म्यूटेशन हैं, जो इसे अब तक के सबसे ज्यादा म्यूटेशन वाले वेरिएंट्स में से एक बनाते हैं। इसके फैलने का पैटर्न और कुछ म्यूटेशन को देखते हुए ही वैज्ञानिकों ने इसे 'सिकाडा' नाम दिया है। फ्लोरिडा, कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क जैसे राज्यों में इसके सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। हम यहां आपको इसके नाम की कहानी और यह कितना खतरनाक है, इसके बारे में बताने जा रहे हैं।

**क्या होता है सिकाडा :** सिकाडा एक उड़ने वाला कीट है। इसके आप बड़े पारदर्शी पंखों के साथ चौड़े सिर और उभरी हुई लाल या काली आंखों से पहचान सकते हैं।

### इसे सिकाडा' क्यों कहा जा रहा है?

वैज्ञानिकों ने इस नए कोविड वेरिएंट का नाम सिकाडा रखा है। 'सिकाडा' एक खास प्रकार के झींगुर का नाम होता है, जो लंबे समय तक जमीन के नीचे रहने के बाद अचानक लाखों की संख्या में बाहर आता है। यही कारण है कि वैज्ञानिकों ने इस वेरिएंट (बी.ए.3.2) का नाम सिकाडा रखा है। यह साल 2022 की शुरुआत से शांत पड़ा था। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह डॉर्मेंट (सुप्त) अवस्था में था और अब अचानक नए और घातक म्यूटेशन के साथ वापस लौटा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com